जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, गुरुवार 25 दिसम्बर, 2025



## विचार बिन्दु

**दया और सत्यता परस्पर मिलते हैं, धर्म और शांति एक-दूसरे का साथ देतें हैं। –बाइबल**

# राज के दो साल : पर्यटन उद्योग को आर्थिक विकास के अनुकूल प्रोत्साहित करने की जरूरत

राजस्थान की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अपनी अलग ही अनूठी पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। बहुत से मंदिर या धार्मिक स्थल ऐसे हैं जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालु जन सैंकड़ों.हजारों मील की दूरी का सफर तय कर आते हैं। पर्यटन आज देश और दुनिया का सबसे बड़ा उद्योग बन गया है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में वहां का पर्यटन उद्योग रीढ़ की हड्डी होता है। उस क्षेत्र में देश.विदेश से आने वाले पर्यटकों से ही वहां के सभी उद्योग संचालित होते हैं। पर्यटन से जीवन में शांति मिलती है। पर्यटन का असर सिर्फ आर्थिक विकास पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनैतिक विकास पर भी पड़ता है।

राजस्थान की प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर, उसे पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण क्षेत्र बनाती है। राजस्थान में पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में राज्य सरकार ने व्यापक योजना पर काम शुरू कर दिया है। राज्य में पर्यटन के क्षेत्र मंम असीम संभावनाएं हैं, इन्हीं को तराशने का कार्य राज्य सरकार कर रही है।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के "विकास भी, विरासत भी" के मूल मंत्र के साथ राज्य सरकार ने गत दो वर्षों में प्रदेश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गौरव को और समृद्ध करते हुए पर्यटन उद्योग को नई पहचान दी है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया है कि राजस्थान में पर्यटन के लिए आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को स्तरीय सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षित और अच्छा वातावरण मिले और वे अपने साथ सुखद अनुभव लेकर जाएँ। पर्यटन देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण आय उत्पादक है। देश की सभ्यता, संस्कृति, सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को बढ़ाता है और उनका आदान-प्रदान करता है। पर्यटन के माध्यम से ही लोगो को एक-दूसरे को समझने की समझ बढ़ती है। किसी भी राज्य के लिए पर्यटन और पर्यटक दोनों महत्वपूर्ण होते हैं। पर्यटन का प्रभाव समाज पर पड़ता है। क्योंकि पर्यटक जहां जाता है वहां के समाज की सामान्य स्थिति को स्वीकार कर लेता है। ठीक वैसे ही विदेशी पर्यटक भी जिस क्षेत्र में जाते हैं, उस क्षेत्र की वेश-भूषा, खान-पान, सामाजिक क्रियाओं में घुल-मिल जाते हैं। आज पर्यटन सिर्फ सैर-सपाटे तक ही सीमित नहीं है, उसमें स्वास्थ्य-लाभ, रोमांच, खेलकूद, सांस्कृतिक महत्व और आर्थिक महत्व सब कुछ जुड़ चुका है।

पर्यटन विभाग के मुताबिक राजस्थान अपने विविध पर्यटन उत्पादों, आधुनिक बुनियादी ढांचे और सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण घरेलू यात्रियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। रोड ट्रिप टूरिज्म, कॉन्सर्ट टूरिज्म, वीकेंड गेटवे, धार्मिक पर्यटन और एमआईसीई इवेंट्स के बढ़ते प्रभाव से प्रदेश का पर्यटन उद्योग लगातार नई बुलंदियों को छू रहा है। राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में काफी समृद्धशाली राज्य है। यहाँ के किले, हवेलियाँ, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर मेले, महल, झीलें, पर्यटकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रही है। राजस्थान का पर्यटन के क्षेत्र में विश्व में प्रमुख स्थान है। पर्यटन राज्य के रूप में प्रदेश ने विश्व मानचित्र में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। राज्य में पर्यटन के विकास के लिए किये जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है कि वर्ष 2024 में देशी पर्यटकों की संख्या में 28.50 प्रतिशत तथा विदेशी पर्यटकों की संख्या में 21.92 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार वर्ष 2025 में अगस्त माह तक, वर्ष 2024 की समान अवधि की तुलना में देशी एवं विदेशी पर्यटक यात्राओं में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पर्यटकों में राजस्थान के प्रति बढ़ते आकर्षण की बानगी है कि वर्ष 2025 में अगस्त तक राज्य में 15 करोड़ से अधिक देशी पर्यटक तथा लगभग 12 लाख विदेशी पर्यटक राजस्थान आए हैं। पर्यटन के क्षेत्र में राजस्थान देश में पांचवें स्थान पर है। जीडीपी की बात करें तो प्रदेश में पर्यटन व्यवसाय का 12.78 प्रतिशत का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रदेश में भ्रमण के लिए आने वाले मेहमानों को नए अनुभव प्रदान करने तथा हर उम्र के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन के विभिन्न आयामों को विकसित किया जा रहा है। हैरिटेज, धार्मिक, रूरल, एडवेंचर तथा ईकोटूरिज्म के विकास के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। पर्यटन क्षेत्र में निवेश और रोजगार सृजन को गति देने के लिए 4 दिसम्बर 2024 से राजस्थान पर्यटन इकाई नीति लागू की गई है। इससे प्रदेश में पर्यटन को उद्योग के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी आई है। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े निवेशकों एवं उद्यिमयों को लाभ मिलने से निजी क्षेत्र में नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहन मिल रहा है। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नित नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

> **हमारी विरासत आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बिखरी पड़ी है जिन्हें संरक्षित सहेजना चुनौतीपूर्ण है। ग्रामीण अंचलों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों की भरमार है। इस विरासतों की सार संभाल के साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन से जोड़ दिया जाए तो ना केवल क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। वहीं इन विरासतों को नए मायने मिलने से बड़ा पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। जिससे क्षेत्र की कायापलट हो सकती है।**

राज्य सरकार द्वारा राजस्थान के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और आस्था को एक सूत्र में पिरोते हुए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट और ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट को 100- 100 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के अंतर्गत महाराणा प्रताप से जुड़े चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुंभलगढ़, दिवेर और उदयपुर जैसे ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया जाएगा। वहीं जनजातीय संस्कृति, कला और विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए विकसित किये जा रहे ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट के तहत सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर और मातृकुंडिया जैसे स्थलों को विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा ब्रज चौरासी परिक्रमा और कृष्ण गमन पथ जैसा परियोजनाओं का कार्य भी किया जा रहा है।

प्रदेश में प्राचीन और ऐतिहासिक धर्म स्थलों की यात्रा के लिए हर साल देश-विदेश से लाखों लोग आते हैं। इन यात्रियों को और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन की दिशा में भी अभूतपूर्व कार्य किये जा रहे हैं। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल खाटूश्यामजी, पुष्कर, नाथद्वारा, श्री महावीर जी और गलता तीर्थ को जोड़ते हुए एक समग्र धार्मिक पर्यटन सर्किट विकसित किया जा रहा है।


राजस्थान में बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जैसलमेर जिले में तनोट माता मंदिर के विकास हेतु डीपीआर तैयार की जा रही है तथा भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ रिट्रीटसेरेमनी के आयोजन के लिए तनोट में कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हेरिटेज संरक्षण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना लागू की गई है, जिसके अंतर्गत झुंझुनूं, सीकर और चूरू जिलों की 662 हवेलियों को संरक्षण हेतु चिह्नित किया गया है। इसके साथ ही राज्य में अब तक 62 नई हेरिटेज होटल एवं सम्पत्तियों को हेरिटेज प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए हैं।

राजस्थान अपनी ऐतिहासिक धरोहरों, स्थापत्य कला, लोक संस्कृति, रंग-बिरंगे उत्सवों, मेलो - ठेलो और प्राकृतिक विविधताओं के कारण भारत ही नहीं, विश्व में एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। हैरिटेज इमारतों, हैरिटेड होटलों, शाही किलों, महलों और रेतीले टीलों और यहां की मेहमाननवाजी के प्रति आकर्षण के चलते राजस्थान शाही शादियों और फिल्म पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग और फिल्म पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य किये हैं। फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2024 एवं 2025 में फिल्मांकन, डॉक्यूमेंट्री और विज्ञापन शूटिंग हेतु 86 अनुमतियां जारी की गईं। इसके अतिरिक्त, प्रतिष्ठित आईफा अवार्ड के 25वें समारोह का आयोजन भी 7 से 9 मार्च 2025 को जयपुर में किया गया, जिससे राजस्थान को वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान प्राप्त हुई। पहली बार जयपुर में "Wed in India Expo" का आयोजन किया गया, जिससे राज्य में वेडिंग टूरिज्म को नई पहचान मिली है। प्रदेश में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते यहां पारम्परिक पर्यटन से इतर वेलनेसटूरिज्म के प्रति भी लोगों का आकर्षण बढ़ा है। राज्य की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस वर्ष सभी संभाग मुख्यालयों पर पहली बार भव्य स्तर पर घूमर फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जयपुर के पौण्ड्रिक पार्क में महिलाओं के लिए विशेष तीज मेले का भी प्रथम बार आयोजन हुआ। राज्य सरकार द्वारा 17 दिसम्बर 2024 को प्रारम्भ की गई पंच गौरव योजना जिलों की विशेषताओं को वैश्विक मंच पर लाने की अभूतपूर्व पहल है। इस योजना के अंतर्गत 550 करोड़ रुपये के बजट से प्रत्येक जिले को उसकी विशिष्ट पहचान के आधार पर विकसित किया जा रहा है, जिससे जिले अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और स्थानीय विशेषताओं के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बना सकें।

हमारी विरासत आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बिखरी पड़ी है जिन्हें संरक्षित सहेजना चुनौतीपूर्ण है। ग्रामीण अंचलों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों की भरमार है। इस विरासतों की सार संभाल के साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन से जोड़ दिया जाए तो ना केवल क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। वहीं इन विरासतों को नए मायने मिलने से बड़ा पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। जिससे क्षेत्र की कायापलट हो सकती है। इससे एक तरफ जहाँ हमारी अमूल्य विरासत संरक्षित होगी वहां दो हाथों को रोजगार मिलेगा। आज आवश्यकता इस बात कि है कि राजस्थान में पर्यटन को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिये मूलभूत सुविधाएं विकसित कर समाज के हर तबके को इससे जोड़ा जाये। मगर यह तभी संभव है जब पर्यटन स्थलों को सुरक्षा के लिहाज से सुरक्षित बनाने के साथ आवागमन की सुविधा सुगम हो।

**–अतिथि संपादक,**
**बालमुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# 'हार नहीं मानूँगा' अटल जी की वो गूँज जो आज भी देश को प्रेरित कर रही है...



मदन राठौड़

**मैं हार नहीं मानूँगा,**
**रार नहीं ठानूँगा,**
**काल के कपाल पर**
**लिखता-मिटाता हूँ,**
**गीत नया गाता हूँ।**

अटल जी के ये शब्द उस अटल इरादे की गूँज हैं जो कभी झुका नहीं। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन संघर्ष, समर्पण और सृजन का ऐसा संगम था, जो हम सबके लिए आज भी प्रेरणा स्त्रोत है। आज, 25 दिसंबर को उनकी 101वीं जयंती पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। यह दिन भारतीय राजनीति और जनमानस के लिए सुशासन का अटल दिवस बन चुका है। अटल जी की सौम्यता, शिष्टाचार और शालीनता ने करोड़ों भारतीयों के दिलों में जगह बनाई। पूरा देश उनकी राजनीति और योगदान के प्रति कृतज्ञ है। वे करिश्माई नेता थे, जिनकी कालजयी कविताएँ और सारगर्भित भाषण आज भी जीवंत हैं। शब्दों के जादूगर और विचारों के क्रांतिकारी थे अटल जी।

अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में एक साधारण परिवार में हुआ। सामान्य परिवार से निकलकर वे सुशासन का मॉडल बने, भविष्य के भारत के कल्पना पुरुष। बचपन से ही राष्ट्रभक्ति की भावना उनके रग-रग में थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव ने उनकी नींव मजबूत की। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में जेल गए, लेकिन हार नहीं मानी। पत्रकारिता से राजनीति तक का सफर तय करते हुए उन्होंने भारतीय जनसंघ और फिर भाजपा को मजबूती दी। जब कांग्रेस का विकल्प बनना आसान नहीं था, तब लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे साथियों के साथ मिलकर उन्होंने पार्टी को चुनौतियों से निकालकर सफलता के सोपान तक पहुँचाया। उन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि माना – दल से बड़ा देश, संगठन से बड़ा संविधान।

1998 का वह दौर याद कीजिए, जब देश राजनीतिक अस्थिरता की चपेट में था। नौ वर्षों में चार लोकसभा चुनाव हो चुके थे। सत्ता की अस्थिरता ने जनता को निराश किया था। ऐसे में अटल जी ने प्रधानमंत्री का पद संभाला और देश को स्थिर सरकार दी। लेकिन उनकी राजनीति सत्ता की लालसा से परे थी। 1996 में लोकसभा में उन्होंने कहा था, मैं उस सत्ता को चिमटे से भी नहीं छूऊंगा, जो पार्टी तोड़कर और जोड़-तोड़ से नया गठबंधन बनाकर मिले। और उन्होंने जोड़-तोड़ की राजनीति से दूर रहकर पीएम पद से इस्तीफा दे दिया। 1999 में राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण मात्र एक वोट के अंतर से सरकार गिरी, लेकिन उन्होंने लोकतंत्र की मर्यादा को बरकरार रखा। कांग्रेस ने उन्हें गद्दार कहा, फिर भी उन्होंने अपनी शालीनता नहीं छोड़ी, अमर्यादित शब्दों का प्रयोग नहीं किया।

अटल जी की बोलने की कला अद्भुत थी। विरोधी भी उनके भाषणों के मुरीद थे। उनका कथन – सरकारें आएंगी, जाएंगी; पार्टियाँ बनेंगी, बिगड़ेंगी; मगर देश रहना चाहिए – राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। जनवरी 2004 में विश्व शांति सम्मेलन में उन्होंने कहा, भारत अपने लंबे इतिहास में कभी आक्रमणकारी या तानाशाही नहीं रहा। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से प्राणी मात्र के कल्याण की आकांक्षा रखता है संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देकर उन्होंने भारतीय भाषा की गरिमा को वैश्विक पटल पर स्थापित किया। आपातकाल के दौरान जेल में रहते हुए उन्होंने कैदी कविराय की कुंडलियां समेत कई कविता संग्रह लिखे। उनकी प्रसिद्ध कविता छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता संघर्ष के दौर में लाखों को प्रेरित करती है। वे लोगों को सिखाते थे कि सरकारें उम्मीदों पर खरी उतरें, न कि निराश करें।

अटल सरकार की उपलब्धियाँ भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हैं। 11 मई 1998 को पोखरण में परमाणु परीक्षण ने भारत को गौरान्वित किया। एनडीए सरकार बनने के कुछ दिन बाद ही यह परीक्षण हुआ, और अटल जी ने किसी अंतरराष्ट्रीय दबाव की परवाह नहीं की। कारगिल युद्ध का दौर, सुरक्षा चुनौतियाँ, संसद पर आतंकवादी हमला इन सबमें अटल जी का नेतृत्व अडिग रहा। उन्होंने राष्ट्रभक्ति को कार्य में उतारा, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का चेहरा बने। आईटी और दूरसंचार को बढ़ावा देकर तकनीक को आम आदमी तक पहुँचाया। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा। सर्व शिक्षा अभियान से सभी को शिक्षा सुलभ हुई। गरीबों के कल्याण में समर्पित उनकी सरकार ने विकास दर में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की। पूरे विश्व में अटल सरकार के सुशासन का डंका बजा।


अटल जी ने 1984 में भविष्यवाणी की थी अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। और यह सब सच साबित हुआ। उनकी सादगी और शालीनता की मिसाल आज भी प्रासंगिक है। शासन में सुधार के उनके प्रयास जनता के जीवन में प्रतिबिंबित हुए। उन्होंने सुशासन की नींव डाली, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आगे बढ़ा रहे हैं। मोदी सरकार अटल जी के सपनों को साकार कर रही है एक सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण, जहां भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं। अटल जी सदैव अटल हैं, उन्होंने संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखा, देश को नई दिशा और प्रगति दी।

आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी के एक वर्ष बाद 101वीं जयंती मना रहे हैं, तो लगता है कि वे हमारे बीच ही हैं अपनी कविताओं में, अपने योगदान में, अपनी मुस्कान में। उन्होंने सिखाया कि जीवन बंजारों का डेरा है आज यहां, कल वहां लेकिन दिशा हमेशा राष्ट्र की ओर हो। अटल जी का जीवन हमें बताता है कि छोटे मन से बड़ा नहीं हुआ जा सकता, टूटे मन से खड़ा नहीं रहा जा सकता। वे भविष्य के भारत के कल्पना पुरुष थे, जिन्होंने तकनीक को आमजन तक पहुँचाया, शिक्षा को समावेशी बनाया और सुरक्षा को मजबूत किया।

अंत में, अटल जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहना चाहूंगा कि वे अमर हैं। उनकी विरासत हमें प्रेरित करती है। 25 दिसंबर का यह दिन हमें संकल्प दिलाता है कि हम उनके सुशासन के पथ पर चलें, राष्ट्र को मजबूत बनाएँ। अटल सदैव अटल यह मंत्र हमारे दिलों में बसा रहे। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को कोटि-कोटि नमन!

**–मदन राठौड़,**
**प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी राजस्थान**

# वाक् चातुर्य के धनी जन-जन के नायक अटल बिहारी वाजपेयी



डॉ. जे.के. गर्ग

वाक् चातुर्य के धनी राष्ट्र भक्त मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की संकल्प शक्ति, योगीराज भगवान श्रीकृष्ण की राजनीतिक कुशलता चातुर्य एवं कूटनीति और आचार्य चाणक्य की निश्चयात्मिका बुद्धि के धनी राजनीतिज्ञ व्यक्तियों में जन नायक अटल बिहारी का नाम सम्मान के साथ लिया जाता हैं क्योंकिं अटल जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र सेवा हेतु अर्पित किया था। उनका तो मन्त्र था देश के लिए जियें और देश के लिए ही मरें, भारत माता का कण-कण शंकर है, वहीं पानी की बूंद-बूंद गंगाजल है ।अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि भारत जमीन का टुकडा नहीं, भारत तो जीता-जागता राष्ट्रपुरुष है। हिमालय इसका मस्तक है, गौरीशंकर इसकी शिखा है । कश्मीर किरीट है, पंजाब और बंगाल दो विशाल कंधे हैं। दिल्ली इसका दिल है । विन्ध्याचल कटि है, नर्मदा करधनी है । पूर्वी और पश्चिमी घाट इसकी दो विशाल जंघाएं हैं । कन्याकुमारी इसके चरण हैं, सागर इसके पग पखारता है । पावस के काले-काले मेघ इसके कुंतल केश हैं। चांद और सूरज इसकी आरती उतारते हैं, मलयानिल चंवर घुलता है । यह वन्दन की भूमि है, अभिनन्दन की भूमि है । यह तर्पण की भूमि है, यह अर्पण की भूमि है । इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है। हम जिएंगे तो इसके लिए, मरेंगे तो इसके लिए। उन्होंने बतलाया कि हिन्दू धर्म तथा संस्कृति की एक बड़ी विशेषता समय के साथ बदलने की उसकी क्षमता रही है । अटलबिहारी वाजपेयी कहा करते थे कि मनुष्य जीवन अनमोल निधि है, पुण्य का प्रसाद है । हम केवल अपने लिए न जिए, औरों के लिए भी जिए । जीवन जीना एक कला है, एक विज्ञान है । दोनों का समन्वय आवश्यक है उन्होंने अनेको बार कहा है कि भारत के लिए हँसते-हँसते प्राण न्योछावर करने में मैं गर्व का अनुभव करूँगा।

अटल बिहारी जी का जन्म ग्वालियर में 25 दिसम्बर 1924 को हुआ था उनके माता पिता कृष्ण बिहारी वाजपेयी एव कृष्णा वाजपेयी था । रामचंद्र वीर द्वारा रचित अमर कृति "विजय पताका" पढ़ कर अटल जी के जीवन की दिशा ही बदल गयी। अटल जी की बी॰ए॰ की शिक्षा ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज में हुई। अटलजी ने राजनीति शास्त्र से प्रथम श्रेणी में एम.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की। एलएलबी की पढ़ ाई को बीच में ही विराम देकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काम में लग गए। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से अटल जी भी प्रमुख नेताओं में थे। उन्होंने लम्बे समय तक पत्रकारिता करते हुए राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन आदि अनेक पत्र-पत्रिकाओं के संपादक के रूप में कार्य किया। अटल बिहारी ने अपना सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ किया । अटलबिहारी जी खुद कहा था कि वे विवाहित तो है किन्तु ब्रह्मचारी नहीं है यह उनके स्पष्टवादिता का प्रतीक है। सन् 1942 में जब गांधी जी ने 'अँठोजों भारत छोड़ो' का नारा दिया तो ग्वालियर भी अगस्त क्रांति की लपटों में आ गया। छात्र वर्ग आंदोलन की अगुवाई कर रहा था। अटलजी तो सबके आगे ही रहते थे। जब आंदोलन ने उठा रूप धारण कर लिया तो पकड़-धकड़ होने लगी। अटल जी पुलिस की चपेट में आ गए। उस समय वे नाबालिग थे। इसलिए उन्हें आगरा जेल की बच्चा बैरक में रखा गया। चौबीस दिनों की अपनी इस अल्प प्रथम जेल यात्रा के संस्मरण वे हँस-हँसकर सुनाते थे।

अटलजी जब विदेश मंत्री बने तो विभाग के अधिकारीयों ने उनके कक्ष से प्रथम प्रधानमंत्री नेहरुजी की फोटो को हटाने पर उन्हें प्रताड़ित करते हुये उनसे कहा कि परम्परा की पालना बंगलादेश के मुक्ति संगर्ष के वक्त इन्दिता जी नी ने संयक्त राष्ट्र संघ में जान वाले प्रति मंडल का नेत्रत्व सोपा बात उन दिनों की है जब राजीव गाँधी प्रधान मंत्री थ जब उन्हें यह मालुम हुआ की अटल जी असाध्य रोग से पीड़ित हैं तब राजीव ने उन्हें बुलाकर कहा के वो उनको अमेरिका जन वाले प्र्तिम्न्दल्ट के सदस्य क्र रूप में भेज रहे है जिससे आपका इलाज अमरीका में राजकीय कोष से हो सके इसके लिए उन्होंने वहां के भारतीय राजदूत को आदेश दे दिए है ।। 1994 में केंद्र की कांठोस सरकार ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत का पक्ष रखने वाले प्रतिनिधिमंडल की नुमाइंदगी विपक्षी नेता अटल जी को सौंपी थी। किसी सरकार का विपक्षी नेता पर इस हद तक भरोसे को पूरी दुनिया में आश्चर्य से देखा गया था । काश: आज के माहोल में ऐसा हो पाता । अटलजी जब विदेश मंत्री बने तो विभाग के अधिकारीयों ने उनके कक्ष से प्रथम प्रधानमंत्री नेहरुजी की फोटो को हटाने पर उन्हें प्रताड़ित करते हुये उनसे कहा कि परम्परा की पालना होनी चाहिये इसलिये नेहरूजीजी का फोटो वापस लगाएँ । वाजपेयी जी ने पाकिस्तान से सामान्य सम्बन्ध बनाने के लिए 19 फरवरी 1999 को लाहौर तक की बस दुवारा सफर किया वाघा बॉर्डर पर तत्कालीन पाक प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने उनका स्वागत किया किन्तु पाकिस्तान ने 3 मई 1999 को कारगिल में अतिक्रमण कर उसे हडपना चाह तब भारत ने उसे करारा जवाब दिया, यह संघर्ष 26 जुलाई तक चला हमारी बहादुर सेना ने कारगिल को अपने कब्जे में ले लिया इसलिए प्रति वर्ष 26 जुलाई को हम कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं । वाजपेयी जी ने पाकिस्तान से पुन:सामान्य सम्बन्ध बनाने के लिए तत्कालीन पाक राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के साथ आगरा में 14 से 16 जुलाई 2001 तक शिखर वार्ता की किन्तु कोई नतीजा नहीं निकला और पाक अपनी हरकतों से बाज नहीं आयाक। 13दिसम्बर 2001 को संसद पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमला हुआ जिसमें नो लोगों की मृत्यु हो गई । यही आतंकी हमला 2004 के चुनावों में प्रमुख मुद्दा बना और ऍन डी ऐ की पराजय का एक कारण बना।

वाजपेयी जी प्रथम गेर कांठोसी पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होंने गठबंधन सरकार को न केवल स्थायित्व दिया अपितु सफलतापूर्वक संचालित भी किया। अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान परमाणु शक्ति सम्पन्न देशों की संभावित नाराजगी की परवाह नहीं करते हुए राष्ट्र हित में 1998 में दूसरा परमाणु परीक्षण कर राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया। स्मरणीय है कि उन्होंने इस परमाणु परीक्षण की अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की गुप्तचर एजेंसियों को भनक तक नहीं लगने दा अटल जी ने डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख आदि नेताओं से राजनीति का पाठ पढ़ा था। जनता पार्टी की मोरारजी देसाई की सरकार में वाजपेयी जी सन् 1977 से 1979 तक विदेश मंत्री रहे उन्होंने अपने दायित्व का निर्वाह सफलतापूर्वक किया। अटल जी पहले विदेश मंत्री थे जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में भाषण देकर देश को एवं हिन्दी को गौरवान्वित किया था। अटल जी की वाणी में सदैव विवेक और संयम होता है। अटल जी के वें 101वें जन्मदिवस पर सभी भारतीय उन के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

**डॉ. जे के गर्ग**
**पूर्व संयुक्त निदेशक**
**कालेज शिक्षा, जयपुर**

# विद्यार्थी ऐसे विषयों पर शोध करें, जिनका लाभ देश और समाज को मिले : राज्यपाल

**बीकानेर,** (कासं)। राज्यपाल एवं महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विद्यार्थी शोध के लिए ऐसे विषयों का चयन करें, जिनका देश और समाज को लाभ मिले। साथ ही विद्याथिर्यों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि हो। राज्यपाल बुधवार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के संत मीराबाई सभागार में आयोजित विश्वविद्यालय के दशम दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि विद्याथिर्यों के शोध का वृहद स्तर और दीर्घकालीन लाभ मिले। विश्वविद्यालय शिक्षा के केंद्र बनें। विद्याथिर्यों को यहां शिक्षा का बेहतर वातावरण मिले। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसरों को साफ-सुथरा, हरा-भरा बनाए रखने और शिक्षकों को भी अपने पद की गरिमा और मर्यादा बनाए रखने का आव्हान किया। राज्यपाल ने संयमित दिनचर्या के महत्व को बताया और विद्याथिर्यों से योग एवं प्राणायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि भारत के युवा अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। हमारी बौद्धिक क्षमता का पूरी दुनिया लोहा ने माना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 में भारत, विश्व की 12वीं और वर्ष 2014 में में 11वीं बड़ी अर्थवस्था थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे हैं।

राज्यपाल ने विद्याथिर्यों से मां के नाम एक पेड़ लगाने का आव्हान किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पौधारोपण का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि समाज ने हमें बहुत दिया है। हमें समाज के प्रति निष्ठा रखनी चाहिए। उन्होंने भारत की संस्कृति को समृद्ध बताया और कहा कि राजस्थान सूरों, धर्मात्माओं और संतों की नगरी है। राज्यपाल ने महाराजा गंगा सिंह को दूरदृष्टा बताया और कहा कि उनके भागीरथ प्रयासों से आई गंगनहर ने रेगिस्तान को हरा-भरा किया। उन्होंने महाराजा गंगा सिंह के सैन्य योगदान को भी रेखांकित किया और कहा कि गंगा रिसाला और ऊंटों की सेना ने प्रथम विश्व युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## राशिफल





पंडित अनिल शर्मा


**गुरूवार 25 दिसम्बर, 2025**


राशिफल - 25 दिसंबर 2025 पौष मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, गुरुवार , वज्र योग विक्रम सम्वत 2082, बालव करण, धनिष्ठा नक्षत्र दिन 1.49 तक चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।


गृह स्थिति - सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-धनु, बुध-वृश्चिक, गुरु-मिथुन, शुक्र, धनु, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में संचार करेगा। आज रवियोग प्रात: 8.18 से आरम्भ होगा। आज क्रिसमस दिवस (ईसा जयंती) बड़ा दिन, पंचक आज महामना मालवीय और अटल बिहारी जयंती है। श्रेष्ठ चौघडिया - शुभ-सूर्योदय से 8.15 तक, लाभ-अमृत 11.09 से 12.27 तक, शुभ 4.14 से सूर्यास्त तक राहुकाल - 1.30 से 3.00 तक सूर्योदय 7.17 सूर्यास्त 5.36


### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।


### वृष

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।


### मिथुन

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।


### कर्क

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।


### सिंह

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।


### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।


### तुला

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### वृश्चिक

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा, उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 411 प्रभात हिण्डौन सिटी, गुरूवार 25 दिसम्बर, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## पड़ोसी देशों के ''स्टेटस'' (हैसियत) में भारी अंतर, अमधुर संबंध होने का कारण होता ही है

### पर, बाँग्लादेश में इस भावना पर अब पाकिस्तान व रूढ़िवादी तत्वों का काबिज होना जरूर गहरी चिंता पैदा करता है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इस पूरे प्रकरण में, थोड़ा ढांढस इस बात से बनता है कि दीपू चंद्र दास की बेरहम, पाशविक हत्या से इतना हड़कंप मचा कि बाँग्लादेश की अंतरिम सरकार को रक्षात्मक मुद्रा में आना पड़ा व उसे दास के परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की घोषणा करनी पड़ी और परिवार को सहायता देने की बात भी कही।
- अंतरिम सरकार ने हत्या को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार कर, दंड देने की घोषणा भी की तथा चौदह आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।
- पर, यह भी सच है कि जिस तेजी से सामुदायिक हिंसा फैली, आगजनी हुई और हिंदुओं पर आक्रमण हुआ, इससे साफ उजागर हुआ कि देश में अस्थिरता और कानून व्यवस्था का नितांत अभाव है, जिसका रूढ़िवादी ताकतें पूरा लाभ उठा रही हैं।
- पड़ोसी राज्य में फैलती हिंसा व अस्थिरता की भारत अनदेखी नहीं कर सकता। क्योंकि, भारत में शांति व स्थिरता के लिए बाँग्लादेश में ''अस्थिरता'' समाप्त होना जरूरी है।

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। बांग्लादेश में हाल में हुई घटनाओं और एक हिंदू युवक पर किए गए अमानवीय अत्याचार और उसकी मौत ने दोनों पड़ोसी देशों के कूटनीतिक संबंधों को बिगाड़ दिया है। इस मौत के बाद दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के सामने अपने आप ही लोग इकट्ठा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

दूसरी ओर, ढाका में एक बांग्लादेशी युवा नेता की मौत के बाद भारत के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुए। ढाका में भारतीय उच्चायोग के खिलाफ नारेबाज़ी की गई और भारत के उत्तर-पूर्व से सटे चिटगांव बंदरगाह शहर में भारतीय उच्चायोग पर भीड़ ने हमला कर दिया।

बांग्लादेश में अचानक फैली व्यापक हिंसा उस देश की ज़मीनी हकीकत और उसकी अंदरूनी अस्थिरता को दिखाती है। बांग्लादेश में लगातार बने हुए संकट को भारत नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता है और इस पर आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकता। भारत की अपनी सुरक्षा भी बांग्लादेश की स्थिरता पर निर्भर करती है।

दोनों देशों ने औपचारिक रूप से कूटनीतिक रिश्ते बनाए रखे हैं, लेकिन संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। भारतीय लोगों की अचानक और कड़ी प्रतिक्रिया के कारण बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को पीड़ित परिवार के लिए सुरक्षा और कुछ सहायता की घोषणा करनी पड़ी।

सरकार अब अपराधियों को पकड़ने और उन्हें सज़ा देने का वादा कर रही है। इस मामले में शामिल पाए गए करीब चौदह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, हालांकि माना जा रहा है कि इसमें और भी लोग शामिल हो सकते हैं।

लेकिन घटनाओं के इस सिलसिले ने पहले से ही नाज़ुक और असहज चल रहे पड़ोसी संबंधों को और खराब कर दिया है, जहाँ आम लोगों के बीच भारत-विरोधी भावनाएँ पहले से मौजूद

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## सिद्धार्थ महाजन जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त बने

जयपुर (कासं)। राज्य सरकार ने बुधवार शाम आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) के पांच अधिकारियों का तबादला किया। इस आदेश के मुताबिक, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे सिद्धार्थ महाजन को जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) आयुक्त बनाया गया है। इस पद पर पूर्व में कार्यरत आयुक्त आनंदी को सहकारिता विभाग राजस्थान की रजिस्ट्रार और शासन सचिव के पद पर लगाया गया है। इसके साथ ही जयपुर

- आनंदी का सहकारिता तथा राकेश शर्मा डीआईपीआर आयुक्त पद पर तबादला।

विकास प्राधिकरण में अतिरिक्त आयुक्त की सेवाएं दे रहे राकेश शर्मा को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजस्थान (डी.आई.पी.आर.) के आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

आईएएस मंजू राजपाल को कृषि-उद्यानिकी एवं पंचायतीराज (कृषि) विभाग राजस्थान के प्रमुख शासन सचिव पद पर लगाया है। राजस्थान राज्य बीज निगम लि. के अध्यक्ष का जिम्मा भी मंजू राजपाल ही संभालेंगी। इसी प्रकार बाबूलाल गोयल को राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग में सचिव बनाया गया है। राज्य सरकार

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## उद्धव व राज के एक होने की प्रक्रिया अचानक नहीं फलीफूत हुई

### गत विधानसभा चुनाव में और स्थानीय निकाय चुनावों में दोनों को मुँह की खानी पड़ी थी, अतः दोनों महसूस कर रहे थे कि एक होंगे तभी जीवित रहेंगे

-श्रीनंदन झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इस प्रक्रिया में, भाजपा ने ''कैटलिस्ट'' (उत्प्रेरक) की भूमिका अदा की, एक से पाँचवी कक्षा तक हिंदी को स्कूलों में तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य करके।
- उद्धव व राज को मौका मिल गया और वो एक मंच पर दिखे, ''मराठी मानुष'' की बात करने के लिए।
- अगर उद्धव व राज ''मिलन'' सार्थक साबित हुआ, मुंबई म्युनिसिपल चुनाव में तो शरद पवार व अजित पवार भी इस ''थीम'' का अनुसरण करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।
- साथ ही, उद्धव ठाकरे ने भी शिंदे शिव सेना के असंतुष्ट तत्वों से बातचीत शुरु कर दी हैं, ''घर वापसी'' के लिए।

नई दिल्ली, 24 दिसंबर। बृहन्नमुम्बई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (बीएमसी) सहित, 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होने जा रहे हैं और अब तक अलग-अलग चल रहे चचेरे ठाकरे भाइयों, उद्धव और राज ठाकरे, ने हाथ मिला लिया है, पर क्या इससे महाराष्ट्र की राजनीति में कोई नया मोड़ आएगा?

लम्बे समय तक लड़ते रहे इन चचेरे भाइयों के एक साथ आने की संभावना की खबरें जून से ही शुरु हो गई थीं, जब कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के महायुति सरकार के फैसले का विरोध करने के लिए उद्धव और राज एक ही मंच पर दिखाई दिए थे। हालांकि भाजपा नेताओं ने यह सफाई देने की कोशिश की थी कि हिंदी सम्बन्धी फैसले को जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है, लेकिन दोनों ठाकरे भाइयों ने इस मुद्दे को ''मराठी मानूस'' के नारे के साथ जोड़ दिया और अपने राजनीतिक भविष्य को फिर से मजबूत करने के मकसद से पूरी तरह भुना लिया।

पिछले विधानसभा चुनावों में शिवसेना यूबीटी और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, दोनों को करारी हार मिली थी। हाल ही में, 286 नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भी दोनों दलों को ऐसा ही झटका लगा। ऐसे में सवाल यह है कि क्या यह नई एकजुटता ठाकरे भाइयों की किस्मत फिर से बदल पाएगी?

इसका जवाब तो 16 जनवरी को तब मिलेगा, जब नगर निगम चुनावों के नतीजे आएंगे, लेकिन इतना साफ दिखाई दे रहा है कि उद्धव और राज के साथ आने से उन्हें लड़ने का एक नया और बेहतर मौका जरूर मिला है।

इस मेल-मिलाप का सीधा असर यह हुआ है कि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस अलग-थलग पड़ गई है और अब वह निगम चुनाव अपने दम ही पर लड़ेगी। बीएमसी चुनावों में ठाकरे भाइयों की सफलता के आधार पर, आगे और भी बदलाव हो सकते हैं। मसलन, एनसीपी के शरद पवार और अजित पवार गुटों के एक होने की संभावना पर भी चर्चा चल रही है। वहीं, उद्धव ठाकरे ने शिंदे गुट की शिवसेना के असंतुष्ट नेताओं से भी घर वापसी कर, मूल शिवसेना में शामिल होने की अपील की है। कुल मिलाकर, राज्य की राजनीति में नए सिरे से शक्ति संतुलन बनने की संभावनाएँ खुल गई हैं।

भाजपा ने इस घटनाक्रम को ज़्यादा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## 'मैं दिल्ली में दो दिन भी रहता हूँ तो इन्फैक्शन हो जाता है'

### केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली के प्रदूषण पर रोष जताया और पूछा, आखिर दिल्ली में इतना प्रदूषण क्यों है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- उन्होंने कहा, मैं परिवहन मंत्री हूँ, 40 प्रतिशत प्रदूषण तो हमारे कारण है, जीवाश्म ईंधन (पैट्रोल डीज़ल आदि) के कारण है, हम हर साल 22 लाख करोड़ रुपए का पैट्रोल डीज़ल आयात करते हैं, यह कैसा राष्ट्रवाद है, क्या हम वैकल्पिक ईंधन और बायो फ्यूल का इस्तेमाल कर आत्मनिर्भर भारत नहीं बना सकते हैं।
- गडकरी ने पत्रकार उदय मुहरकर की किताब ''माय आईडिया ऑफ नेशन फर्स्टः रीडिफाईनिंग अनएलॉयड नैशनलिज़्म'' के विमोचन के दौरान यह बयान दिया।

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर। दिल्ली की जहरीली हवा पर सत्तारूढ़ भाजपा के भीतर से भी कड़ी टिप्पणियाँ आई हैं। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में दो दिन रहने से उन्हें इन्फ्रैक्शन हो जाता है।

वरिष्ठ पत्रकार उदय महुरकर की किताब 'माई आइडिया ऑफ नेशन फर्स्टः रीडिफाइनिंग अनएलायड नेशनलिज़्म' के विमोचन के अवसर पर गडकरी ने कहा कि आज का सबसे बड़ा राष्ट्रवाद यह होगा कि हम देश के निर्यात को बढ़ाएं और आयात को घटाएं। उन्होंने कहा, ''मैं (दिल्ली में) केवल दो दिन रहूं, तो मुझे संक्रमण हो जाता है। दिल्ली प्रदूषण से क्यों जूझ रही है?''

उन्होंने कहा, ''मैं परिवहन मंत्री हूं, 40 प्रतिशत प्रदूषण हमारे कारण है... जीवाश्म ईंधन के कारण। हम 22 लाख करोड़ रुपये जीवाश्म ईंधन आयात करने और प्रदूषण बढ़ाने पर खर्च कर रहे हैं। यह किस तरह का राष्ट्रवाद है?'' उन्होंने अफसोस जताया कि लोग ईको-फ्रेंडली प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने प्रश्न किया, ''क्या हम वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन को काम में लेकर आत्मनिर्भर भारत नहीं बना सकते?''

एक अन्य महत्वपूर्ण टिप्पणी में गडकरी ने कहा कि यह कहना गलत है कि हर मुस्लिम आतंकवादी होता है। उन्होंने कहा, इस चीज का वर्गीकरण या ग्रेड-निर्धारण होना चाहिये कि कोई व्यक्ति कितना कट्टर तथा जहरीला है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हमारे आदर्श हैं; डॉ. कलाम जैसे लोगों की संख्या बढ़ानी होगी। शिक्षा को उनके पास

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## सरकार ने किया बांके बिहारी मंदिर का अधिग्रहण

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-


नई दिल्ली, 24 दिसंबर। 22 दिसंबर, 2025 को उत्तर प्रदेश सरकार ने बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट एक्ट को आधिकारिक रूप से अधिसूचित कर दिया। मथुरा जिले के वृंदावन का बांक बिहारी मंदिर भारत के सबसे पवित्र कृष्ण मंदिरों में से एक है और अब यह मंदिर सरकार के नियंत्रण में आ गया है।

हिंदू राइट्स ऐक्टिविस्ट्स का

- यूपी सरकार ने यह अधिग्रहण बांके बिहारी टैम्पल ट्रस्ट एक्ट के प्रावधानों के तहत किया है, हालांकि हिंदू एक्टिविस्ट इसे धार्मिक स्वायत्तता का उल्लंघन बता रहे हैं।

कहना है कि यह सरकार का हस्तक्षेप है, धार्मिक स्वायत्तता का उल्लंघन है, एक खतरनाक मिसाल की शुरुआत है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)




## राहुल-प्रियंका-सचिन की तिकड़ी 2029 के लिए?

### वेणुगोपाल द्वारा ''ऑपरेशन केरल'' की जिम्मेवारी के लिए उन्हें भेजने का आग्रह करने से, तिकड़ी की चर्चा जोरों से शुरु हुई एआईसीसी में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- अशोक गहलोत, अजय माकन और दिग्विजय सिंह जैसे नेताओं ने रिक्त संगठन महासचिव पद पाने की पूरजोर इच्छा जताई, लेकिन भाजपा, द्वारा 45 वर्षीय नितिन नबीन को पार्टी अध्यक्ष बनाने के बाद कांग्रेस की मजबूरी हो गई है कि संगठन महासचिव की जिम्मेवारी युवा नेता को दी जाए। अतः सचिन पायलट का नाम पुराने नेताओं को पसंद आ रहा है।
- पुराने नेता, ''जय जगत'' नेताओं के पुराने लेफ्ट-ऑफ-सैंटर चिंतन को अब पूरी तरह समय संगत नहीं मानते। इन ''जय जगत'' नेताओं में मीनाक्षी नटराजन, अल्लावेरू, शशिकांत सेन्थिल, सचिन राव, भंवर जितेन्द्र सिंह प्रमुख हैं।
- माना जा रहा है कि कांग्रेस कोई भी नया काम करने से पहले मलमास, जो 14 जनवरी को समाप्त हो रहा है, के खत्म होने का इंतज़ार कर रही है, क्योंकि प्रियंका गांधी को एआईसीसी के चुनाव प्रबंधन विभाग का कर्ता-धर्ता नियुक्त करने का लैटर तो कई सप्ताह से तैयार है।

नई दिल्ली, 24 दिसंबर। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव, संगठन प्रभारी (जीएसओ), केसी वेणुगोपाल ने कथित रूप से राहुल गांधी से अनुरोध किया है कि उन्हें ''मिशन केरल'' सौंपा जाए और 2019 से वे संगठन महासचिव की जो जिम्मेदारियाँ निभा रहे हैं, उनसे उन्हें मुक्त किया जाए। जबकि यह सवाल खड़ा है कि क्या वेणुगोपाल, मई 2026 में होने वाले केरल चुनावों के लिए मुख्यमंत्री पद के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# कोटा में एक्सप्रेसवे पर कार पर पलटा कंटेनर, ननद और एनआरआई भाभी की मौत

## दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को कार से हटाने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी, हादसे में मृतकों को कार से निकालने में भी मशक्कत करनी पड़ी



कोटा जिले के चेचट थाना इलाके में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे चेचट इंटरचेंज पर एक सड़क दुर्घटना में एक एनआरआई सहित दो महिलाओं की मौत हो गई है।

**कोटा** । कोटा जिले के चेचट थाना इलाके में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे चेचट इंटरचेंज पर बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में एक एनआरआई सहित दो महिलाओं की मौत हो गई। महिलाएं लग्जरी कार में सवार थी। जिस पर एक भारी भरकम कंटेनर गिर गया। कार में दबने से दोनों महिलाओं की मौत हो गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद कार में फंसी महिलाओं को बाहर निकाला गया। मृतक दोनों महिलाएं आपस में ननद-भाभी हैं। वे अपने परिवार के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करके वापस लौट रही थी।

चेचट थाने के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम मीणा ने बताया कि दुर्घटना की सूचना सुबह पौने दस बजे मिली थी। इसमें नोएडा निवासी 45 वर्षीय सुधा राणा और और उनकी भाभी देहरादून निवासी 42 वर्षीय शिवानी भंडारी की मौत हो गई। शिवानी एनआरआई हैं और अपने पति कुलदीप व परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया में रहती हैं। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता भी प्राप्त कर ली है। दुर्घटना के बाद क्रेन से दोनों महिलाओं को कार से बाहर निकलवाया गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। कंटेनर को जब्त कर लिया गया है। कंटेनर मध्यप्रदेश की ओर से दिल्ली की तरफ जा रहा था। एएसआई पुरुषोत्तम मीणा ने बताया कि इस कार में पांच जने सवार थे। जिनमें मृतका नोएडा निवासी सुधा राणा, उनका बेटा वर्धमान राणा, भाई कुलदीप भंडारी व भाभी शिवानी भंडारी के साथ ड्राइवर भी शामिल है। यह दुर्घटना एक्सप्रेसवे

■ मृतक शिवानी एक सप्ताह पहले अपने किसी नजदीकी रिश्तेदार की मौत होने पर गमी में भारत आई थी।

चेचट इंटरचेंज पर हुई। जहां पर लग्जरी कार के पीछे से आ रहा कंटेनर अचानक से पलटा और कार के पीछे के हिस्से पर जा गिरा। जिससे कार में पीछे की सीट पर बैठ्ठी दोनों महिलाओं की मौत हो गई। बड़ी मुश्किल से क्रेन की मदद से कंटेनर को हटाया गया और दोनों को बाहर निकाल गया। जबकि कार में सवार अन्य तीन लोगों के हल्की-फुल्की चोट आई है। पुरुषोत्तम मीणा ने बताया कि मृतक शिवानी एक सप्ताह पहले अपने किसी नजदीकी रिश्तेदार की मौत के चलते भारत आई थी। वहीं कुलदीप दो दिन पहले ही भारत आया था। दोनों मंगलवार को अपने नोएडा निवासी रिश्तेदार के साथ उज्जैन दर्शन करने के लिए चले गए थे। बुधवार को सुबह वापस आते समय यह हादसा हो गया। इन्होंने नोएडा से टैक्सी किराए पर ली थी। शिवानी व कुलदीप अपने बच्चों को ऑस्ट्रेलिया छोड़कर यहां आए थे।


जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
प्रभास्मि शशि सूर्ययोः
कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग) पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर
टेलीफैक्स : 0141 - 2201489, ई-मेलः zcejz@jvvnl.org

ई-निविदा सूचना

ई–निविदा दो भागों में (तकनीकी–वाणिजियक), जयपुर डिस्कॉम के जेपीडीसी उत्तर वृत्त के क्षेत्र में सहायक अभियंता (भ्ज्ड), जेपीडी, जमवारामगढ़ के अधीन प्रस्तावित 132 के.वी. धौला जी.एस.एस. से 33 के.वी. इंटरकनेक्शन स्थापित करने का कार्य टीएन –162 के तहत एआरसी 2025 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई – प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 26.12.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई–पोर्टल पर दिनांक 08.01.2026 को सांय 04:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी । निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेब साईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

UBN: VVN2526WSOB00750
राज.संवाद/सी/25/16436 जेपीआर - 3104 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507



bida
भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण
एच-5, भगतसिंह कॉलोनी, भिवाड़ी, अलवर, दूरभाष :- 01493-230819
ई-मेल :- bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- बीड़ा/अभि./5265/25 दिनांक :- 22/12/2025

Notice Inviting Bid

Bid for "Tubewell installation & Water pipeline laying work at BIDA Scheme-Pragati vihar", "HT line shifting in front of ramfal's house near khanpur chowk at alwar bypass road bhiwadi", "बीडा क्षेत्राधिकार मे टैण्ट व्यवस्था का कार्य।", "Renovation, Maintenance and security work of Tourism park, BIDA Sector 2,9 Bhagat singh colony Block-A, Block-B Parks", "Development of samtal chawk Bhiwadi", "बीडा लाइब्रेरी मे प्रथम तल निर्माण कार्य।", " 'Electrification work in vasundhra nagar model town scheme, BIDA Bhiwadi"," 'Construction of master plan 45m Road & divider from SH-25 to RHB area", "B.T repair and new road work in BKT area of BIDA" is invited from interested Bidders up to 02.00 PM date 15.12.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state; and https://bida.rajasthan.gov.in departmental website.

UBN: BDA2526WSOB00103 To BDA2526WSOB00111
Raj.Samwad/C/25/16400 Executive Engineer



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता
सा. नि. वि. विद्युत खण्ड प्रथम, जोधपुर
क्रमांक-अ.अ./वि.ख.प्र./जा./2025-26/3225-40 दिनांक-18.12.2025

निविदा सूचना संख्याः 37/2025-26
NIB Code PWD2526A4785

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न विद्युतीकरण कार्यों हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों द्वारा विद्युत कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipr.rajasthan.gov.in व 'http://www.sppp.rajasthan.gov.in/ http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रु.106.67 लाख अधिकतम एकल कार्य की राशि 106.67 लाख |
| कुल धरोहर राशि | अनुमानित लागत की दो प्रतिशत अथवा नियमानुसार |
| निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख व समय | 18/12/2025 से 02/01/2026 तक सांय 06.00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा जमा कराने की तारीख व समय | 18/12/2025 से 02/01/2026 तक सांय 06.00 बजे |
| तकनिकी/वित्तीय बिड़ खोलने की तारीख व समय | 05/01/2026 मध्यांह 3.00 बजे से |
| प्री-बिड मीटिंग की तारीख व समय | 29/12/2025 को दोपहर 1.00 बजे से अधिशाषी अभियंता सा0नि0वि0 विद्युत खण्ड प्रथम जोधपुर कार्यालय में |
| | 1. Shifting of Electrical Line 11KV & LT Line on Construction of 4 Lane Road from Jalore to Bagra Including Divider (18 KM) of SH-31 In District Jalore. PWD2526WSOB19104 2. |


DIPR/C/18937/2025 अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. विद्युत खण्ड प्रथम, जोधपुर


## फंदे में फंसा मादा पैंथर शावक

**बूंदी** (निसं)। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के बफर जोन में एक बार फिर शिकारियों की करतूत सामने आई है। जिले की हिंडोली रेंज में डाटुन्दा माताजी से कालदां माताजी के रास्ते में अज्ञात शिकारियों द्वारा लगाए गए फंदे में एक डेढ़ वर्षीय मादा शावक फंस गई।बुधवार सुबह जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने वन विभाग को सूचना दी। फंदे में पैंथर के फंसे होने की सूचना मिलने पर वन विभाग बूंदी से सहायक वन संरक्षक सुनील धाबाई, हिंडोली रेंजर शिव प्रकाश चौधरी, नाका प्रभारी राजेश शर्मा एवं अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे तथा पैंथर के रेस्क्यू के लिए मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू दल को बुलाया गया। दोपहर बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची तथा डॉ तेजेन्द्र सिंह रियाड़ ने ट्रेंकुलाइज कर पैंथर का रेस्क्यू कर इसके उपचार के लिए कोटा चिड़ियाघर भेजा है

राजस्थान में बाघो के कॉरिडोर में बाधक बना रामगढ का बफर जोनः- राज्य में चौथे टाइगर रिजर्व के रूप में तीन साल पहले अस्तित्व में आए रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में बाघ-बघेरों सहित अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा टाइगर रिजर्व के दो भागों में बंटे प्रशासनिक नियंत्रण के चलते खतरे में है। 1501 वर्ग किलोमीटर में बने इस टाइगर रिजर्व का 634 वर्ग किलोमीटर का महत्वपूर्ण जंगल प्रादेशिक वन खण्ड के नियंत्रण में आता है और शेष 867 वर्ग किलोमीटर टाइगर रिजर्व के कोर उपवन संरक्षक के कार्य क्षेत्र का भाग है।

## 43 कार्मिक अनुपस्थित मिले, अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी



अलवर में विभागों के निरीक्षण के दौरान 4 राजपत्रित व 39 अराजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

■ वरिष्ठ शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण के.आर मीना के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने आज जिले के राजगढ उपखण्ड में स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

**अलवर** । प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के प्रमुख शासन सचिव के निर्देशानुसार वरिष्ठ शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण के.आर मीना के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने आज जिले के राजगढ उपखण्ड में स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

वरिष्ठ शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) के.आर मीना ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 4 राजपत्रित एवं 39 अराजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिन पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु रिपोर्ट उच्च स्तर पर भेजी जाएगी। उन्होने बताया कि निरीक्षण में पाया गया कि कार्यालयों एवं विभागों में उपस्थिति पंजिकाएं निर्धारित मापदण्डानुसार संधानित नहीं किए जाने, साफ-सफाई की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित नहीं होने, रिकॉर्ड अव्यवस्थित होने तथा प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग द्वारा जारी परिपत्रों की पालना सुनिश्चित नहीं किया जाना पाया गया।


राजस्थान आवासन मण्डल
क्रमांक :- 2965 दिनांक :- 23/12/2025

निविदा सूचना संख्या - 03/2025-26

सेक्टर-24 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर में डी-एरिया की चारदीवारी का निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 25.12.2025 से 03.01.2026 तक सायं 6.00 बजे तक ई-प्रोक के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विस्तृत सूचना एवं शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in एवं मण्डल की वेबसाईट rhb.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- RHB2526WSOB00306
राज.संवाद/सी/25/16434 आवासीय अभियंता, खण्ड-तृतीय, जयपुर



राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर
क्रमांक :- राऋभमवि/अल/सा.प्रा./2025/1413 दिनांक :- 24/12/2025

E-Bid Inviting Notice
(NIB No. 07/2025-26)

RAJ RISHI BHARTRIHARI MATSYA UNIVERSITY, ALWAR hereby invites E-Bid for Supply and Commissioning of New D.G. Set In Raj Rishi Bhartrihari matsya university at Haldina Campus, Alwar The bid may be Downloaded from 24/12/2025 at 2:00PM and last date of submission of the bid is 06/01/2026 at 1:00PM Details of The same may be seen on www.rrbmuniv.ac.in.

UBN No. MUA2526GLOB00022
Raj.Samwad/C/25/16466 Registrar



कार्यालय नगर परिषद, पुष्कर जिला -अजमेर (राज)
क्रमांक / न.प.पु. / स्वास्थ्य / 2025–26 / 3025 दिनांक 22.12.2025

ई–निविदा सूचना

नगर परिषद पुष्कर में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, सेवाप्रदाताओं व एनजीओ से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से वाहन चालक आपूर्ति कार्य (कार्य आदेश जारी होने से एक वर्ष की अवधि हेतु) कार्य हेतु राशि 23.50 लाख रूपये हेतु ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ऑन लाईन निविदा फार्म डाउनलोड करके भरने की दिनांक 23.12.2025 को 09.00 ए.एम. से दिनांक 05.01.2025 को समय 3 पी.एम तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2526SLRC28100
राज.संवाद / सी / 25 / 16443 प्रशासक आयुक्त



कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)
nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106
क्रमांक : नपबा / निर्माण / 2025 / 8892–94 दिनांक : 22.12.2025

ई–टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 83/2025–26

नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफएआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्यो की लागत 12.00 लाख रूपये से 29.00 लाख रूपये तक है तथा UBN No. निम्नानुसार है :–

1. DLB2526WSOB28077, 2. DLB2526WSOB28078, 3. DLB2526WSOB28079
राज.संवाद / सी / 25 / 16447 आयुक्त, नगर परिषद बारां



कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
कार्यालय भू-सम्पदा अधिकारी

निविदा सूचना संख्या 21/2025-26

कार्यालय भू–सम्पदा अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा निम्न कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष संवेदक जो कि राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में पंजीकृत हो, हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण वेबसाईट www.aujodhpur.ac.in, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।

UBN No. JAU2526WSOB00154
राज.संवाद/सी/25/16393 भू-सम्पदा अधिकारी



कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा (राज.)
E-Mail Id:- np.sangod05@gmail.com Phone No.:-07450-294239
क्रमांकः–न0पा0सा0 / 2025 / 3333 दिनांकः–22.12.2025

ई–निविदा–सूचना

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 3332 दिनांक 22.12.2025 के द्वारा कुल 04 कार्य की अनुमानित लागत 56.23 लाख की विभिन्न अभियांत्रिकी विभागो से संबंधित "A", "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. | Work No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB28040 | 3 | DLB2526WSOB28043 |
| 2 | DLB2526WSOB28042 | 4 | DLB2526WSOB28045 |

प्रशासक नगरपालिका सांगोद
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सांगोद
राज.संवाद / सी / 25 / 16419


## साक्षात्कार का तृतीय चरण 5 से

**अजमेर** । राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के साक्षात्कारों का विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

इसके अनुसार, राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तीसरे चरण के इंटरव्यू 5 जनवरी 2026 से शुरू होकर 15 जनवरी 2026 तक चलेंगे। इस भर्ती के साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थियों को ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्रों सहित प्रस्तुत करना होगा।

सहायक आचार्य सहित विभिन्न पदों का साक्षात्कार कार्यक्रम - इसके अलावा, सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती-2023 अन्तर्गत भूगोल विषय के पदों हेतु अंतिम चरण के साक्षात्कार 5 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जाएंगे।

## उदयपुर के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर ने बनाई 9 सूक्ष्म कलाकृतियां

■ घास की टोकरी 36 घंटे में की तैयार

**उदयपुर**। उदयपुर के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और स्वर्ण शिल्पी इकबाल सक्का ने एक बार फिर सूक्ष्म कला के जरिए अपनी अलग पहचान दर्ज कराई है। क्रिसमस डे के अवसर पर उन्होंने ऐसी 9 अनोखी कलाकृतियां तैयार की हैं जिन्हें नंगी आंखों से देख पाना लगभग नामुमकिन है। इन्हें देखने के लिए लेंस की जरूरत पडती है।

डॉ. सक्का ने क्रिसमस थीम पर घास की झोपडी तैयार की और उसके भीतर चांदी से बनी विश्व की सबसे छोटी नौ कलाकृतियां स्थापित कीं। इनमें घास की छोटी टोकरी में मात्र 3 मिलीमीटर आकार में हजरत ईसा अलैहिस्सलाम (ईसा मसीह) के जन्म का प्रतीक स्वरूप रखा गया है। इसके साथ एक सेंटीमीटर आकार का चांदी का चर्च और 3 मिलीमीटर साइज के क्रॉस, मछली,बेल,कांटों का ताज,मोमबत्ती और स्टार भी बनाए गए हैं। इन सभी प्रतीकों के जरिए उन्होंने क्रिसमस के धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व को सूक्ष्म कला के माध्यम से दर्शाने की कोशिश की है। सक्का के नाम 121 वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं। डॉ. सक्का ने बताया कि इन कलाकृतियों को तैयार करने में 36 घंटे से अधिक का समय लगा। बेहद बारीक काम होने के कारण लगातार ध्यान और स्थिरता के साथ काम करना पडा। उन्होंने बताया कि इन सूक्ष्म कलाकृतियों को हिंदुस्तान बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया गया था। जांच प्रक्रिया के बाद रिकॉर्ड को स्वीकार किया गया और 11 दिसंबर को आधिकारिक प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ रिकॉर्ड बनाना नहीं, बल्कि देश-विदेश में उदयपुर और राजस्थान की कला-परंपरा का नाम रोशन करना भी है। इसी सोच के साथ वे इन कलाकृतियों को जनता के बीच प्रदर्शित करना चाहते हैं।

## 8 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

**अजमेर** । राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा समूह अनुदेशक/सर्वेयर/सहायक शिक्षुता सलाहकार ठोड द्वितीय भर्ती-2024 के अंतर्गत जारी विचारित सूची में सम्मिलित 8 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का अंतिम अवसर दिया गया है। यह अभ्यर्थी उक्त भर्ती अंतर्गत पात्रता जांच हेतु जारी विचारित सूची में शामिल हैं, लेकिन इनके द्वारा पूर्व में इस हेतु प्रदत्त अवसरों में ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र सब्मिट नहीं किया गया है। इन अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का लिंक 25 से 28 दिसंबर तक खोला जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अभ्यर्थियों को अपनी एसएसओ आइडी का उपयोग करते हुए रिक्रूटमेंट पोर्टल पर जाना होगा और माय रिक्रूटमेंट से डिटेल्ड फॉर्म कम स्क्रुटनी में एप्लाई नाउ का चयन कर निर्धारित अवधि में विस्तृत आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करना होगा।


कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)
फोन न0 07464–294024 ई–मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in
क्रमांक : 4237 दिनांक : 19.12.2025

ई – निविदा सूचना

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित सर्किट हाउस में डेकोरेटिव पोल व लाईट लगाने का कार्य कराना चाहती है। जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्तें www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित सर्किट हाउस में डेकोरेटिव पोल व लाईट लगाने का कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | 25.00 लाख |
| धरोहर राशि | अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने / डाउनलोड की तारीख | 20.12.2025 समय 2:00 पीएम से 08.01.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 08.01.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल प्राप्त तकनीकी बिड की खोलने की तिथि | 09.01.2026 समय 4:00 पीएम |
| निविदा शुल्क | 1000 / – रूपयें |
| निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | 500 / –रूपये |
| निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट | eproc.rajasthan.gov.in |
| कार्य की समयावधि | 02 माह |
| UBN. - | DLB2526WSOB28137 |

राज.संवाद / सी / 25 / 16451 सभापति नगरपरिषद, करौली आयुक्त नगरपरिषद, करौली



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड 3, जयपुर
क्रमांक :- 5114 दिनांक 19.12.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 72/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए पीडब्लयूएफ एण्ड ए.आर पार्ट ।। अपेण्डिक्स 16 दिनांक 1.07.1999 से लागू एवं समय समय पर पंजीयन नियमो सम्बन्धी वित्त विभाग द्वारा जारी आदि दिनांक संशोधित परिपत्रो के अनुरूप इस विभाग में उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in/ & www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तारीख | 22.12.2025 (सोमवार) प्रातः 9.30 बजे से 26.12.2025 (शुक्रवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | 22.12.2025 (सोमवार) प्रातः 9.30 बजे से 26.12.2025 (शुक्रवार) तक सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 27.12.2025 (शनिवार) को प्रातः 11.00 बजे से |

| NIT S. No | UBN No. | NIT S. No | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB19250 | 16 | PWD2526WSOB19265 |
| 2 | PWD2526WSOB19251 | 17 | PWD2526WSOB19266 |
| 3 | PWD2526WSOB19252 | 18 | PWD2526WSOB19267 |
| 4 | PWD2526WSOB19253 | 19 | PWD2526WSOB19268 |
| 5 | PWD2526WSOB19254 | 20 | PWD2526WSOB19269 |
| 6 | PWD2526WSOB19255 | 21 | PWD2526WSOB19270 |
| 7 | PWD2526WSOB19256 | 22 | PWD2526WSOB19271 |
| 8 | PWD2526WSOB19257 | 23 | PWD2526WSOB19272 |
| 9 | PWD2526WSOB19258 | 24 | PWD2526WSOB19273 |
| 10 | PWD2526WSOB19259 | 25 | PWD2526WSOB19274 |
| 11 | PWD2526WSOB19260 | 26 | PWD2526WSOB19275 |
| 12 | PWD2526WSOB19261 | 27 | PWD2526WSOB19276 |
| 13 | PWD2526WSOB19262 | 28 | PWD2526WSOB19277 |
| 14 | PWD2526WSOB19263 | 29 | PWD2526WSOB19278 |
| 15 | PWD2526WSOB19264 | 30 | PWD2526WSOB19279 |

(पवन कुमार कुलश्रेष्ठ)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय जयपुर
DIPR/C/18980/2025


## जांच, निरीक्षण और प्रेक्टिकल एग्जाम में गिफ्ट लेने वाले टीचर्स पर भी होगी कार्रवाई

■ प्राइवेट स्कूलों में स्वागत सत्कार करवाने पर लगी पाबंदी

■ प्रेक्टिकल परीक्षाओं के दौरान बाहरी वीक्षकों की नियुक्ति केवल गवर्नमेंट स्कूलों में काम रहे शिक्षकों में से ही की जाएगी।

**बीकानेर** । राजस्थान के शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों में निरीक्षण, जांच और परीक्षाओं के दौरान होने वाले स्वागत- सत्कार पर पाबंदी लगा दी है।

इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने एक आदेश जारी किया है। इसमें साफ कहा गया है कि किसी भी स्तर पर निरीक्षकों, वीक्षकों या अन्य अधिकारियों की मेहमानवाजी, आतिथ्य या स्वागत की परंपरा पर पूरी तरह रोक रहेगी। दरअसल, समय-समय पर शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों में मान्यता, क्रमोन्नति, परीक्षा, प्रेक्टिकल एग्जाम और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के तहत निरीक्षण किए जाते हैं। इन अवसरों पर कई बार स्कूल प्रबंधन द्वारा अधिकारियों का स्वागत, भोजन व्यवस्था, ठहरने का इंतजाम किया जाता है। उपहार भी दिए जाते हैं। इसी को देखते हुए विभाग ने यह निर्देश जारी किए गए हैं।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रेक्टिकल परीक्षाओं के दौरान बाहरी वीक्षकों की नियुक्ति केवल गवर्नमेंट स्कूलों में काम रहे शिक्षकों में से ही की जाएगी। निजी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को किसी भी स्तर पर वीक्षक नहीं बनाया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षा या निरीक्षण के दौरान किसी तरह का दबाव, अनुचित गतिविधि या नियमों के खिलाफ आचरण पाए जाने पर तत्काल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर और जिला शिक्षा अधिकारी को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षा विभाग ने किसी भी मामले की जांच या निरीक्षण के दौरान अधिकारी किसी भी तरह की मेहमाननवाजी स्वीकार नहीं करेगा। वहीं होटल में ठहराने की व्यवस्था, भोजन, जलपान अपने स्तर पर करेगा। इसके लिए राज्य सरकार संबंधित कर्मचारी व अधिकारी को सुविधा देती है। आदेश के तहत न सिर्फ अधिकारी बल्कि संबंधित संस्था पर भी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई संस्था या स्कूल इस तरह की व्यवस्था करता पाया गया तो उसे गंभीर अनुशासनात्मक अनियमितता माना जाएगा। संबंधित संस्था प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और संभागीय संयुक्त निदेशकों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्राधिकार में इन आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करें। साथ ही स्कूलों, छात्रों और अभिभावकों को भी इस बारे में जागरूक करने के लिए कहा गया है, जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष शैक्षणिक वातावरण बना रहे। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं क्लास के प्रैक्टिकल एग्जाम की डेट डिसाइड कर दी गई है। रेगुलर स्टूडेंट्स के प्रैक्टिकल एग्जाम 1 जनवरी और प्राइवेट स्टूडेंट्स के 25 जनवरी 2026 से शुरू होंगे।


कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)
फोन न0 07464–294024 ई–मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in
क्रमांक : 4263 दिनांक : 19.12.2025

ई – निविदा सूचना

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली परिषद क्षेत्र निम्न कार्य कराना चाहती है। जिस हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्तें www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | नगरपरिषद क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य :– कुल कार्य 11 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 109.81 लाख |
| धरोहर राशि | प्रत्येक कार्य हेतु अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने / डाउनलोड की तारीख | 23.12.2025 समय 2:00 पीएम से 15.01.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 15.01.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल प्राप्त निविदा खोलने की तिथि | 16.01.2026 समय 1:30 पीएम |
| निविदा शुल्क | प्रत्येक कार्य हेतु 1000 / – रूपयें |
| निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | प्रत्येक कार्य हेतु 500 / –रूपये |
| निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट | eproc.rajasthan.gov.in |
| कार्य की समयावधि | 04 माह |
| UBN. - | DLB2526WSOB28113, 28115, 28117 28119, 28121, 28122, 28124, 28125, 28127, 28128, 28130, 28131 |

सभापति नगरपरिषद, करौली आयुक्त नगरपरिषद, करौली
राज.संवाद / सी / 25 / 16453

## सार-समाचार

### 1000 करोड़ के एमओयू अटके

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन के दौरान हुए लगभग 1000 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) को लागू करने के लिए टोकसी स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र की चरागाह भूमि के विनिमय शहर में प्रस्तावित औद्योगिक विकास को गति देने में बाधा आ रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव को लेटर भेजकर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की गई है। उपक्रमी संगठन गंगापुर सिटी के सचिव संकेत गुप्ता ने लेटर में बताया कि गंगापुर सिटी पूर्वी राजस्थान का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग और निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे के निकट होने के कारण यहां औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। ''राइजिंग राजस्थान'' शिखर सम्मेलन में क्षेत्र के लिए 1000 करोड़ रुपए के एमओयू इसी क्षमता का प्रमाण हैं। हालांकि, टोकसी में रीको औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना चरागाह भूमि के तकनीकी वर्गीकरण के कारण वर्षों से लंबित है। गुप्ता ने बताया कि राज्य के अन्य जिलों जैसे जोधपुर (रोहट), भीलवाड़ा और नागौर में औद्योगिक विकास के लिए भू-राजस्व अधिनियम के तहत चरागाह भूमि का वर्गीकरण बदला गया है। भीलवाड़ा जिले के मांडल क्षेत्र में भी नियमों के तहत चरागाह भूमि को रीको औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवंटित किया गया था। भीलवाड़ा में बदले में समान क्षेत्रफल की भूमि को चरागाह घोषित कर पर्यावरणीय संतुलन सुनिश्चित किया गया था। इसी तर्ज पर टोकसी में भी भूमि विनिमय की प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। यदि टोकसी में 39.76 हेक्टेयर राजकीय चरागाह भूमि के रूपांतरण में और देरी होती है, तो हस्ताक्षरित एमओयू लागू नहीं हो पाएंगे। इससे राज्य को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और स्टाम्प शुल्क के रूप में राजस्व हानि होगी, साथ ही क्षेत्र के हजारों युवाओं के रोजगार के अवसर भी प्रभावित होंगे। संगठन ने मांग की है कि भीलवाड़ा की तर्ज पर भूमि विनिमय की प्रक्रिया अपनाते हुए प्रकरण को राज्य स्तरीय सशक्त समिति के समक्ष रखा जाए और जिला प्रशासन को वैकल्पिक भूमि के चि ीकरण के निर्देश दिए जाएं, ताकि औद्योगिक निवेश सुरक्षित रह सके और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके।

### सेवा कार्यक्रम आयोजित

**हिण्डौन सिटी ।**आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा करौली के तत्वावधान में तहसील सूरौठ स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सोमली में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को जर्सियों का वितरण किया गया तथा गरीब एवं बेसहारा महिलाओं को कंबल प्रदान किए गए। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव श्री महेश जैन ने विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के इतिहास, उद्देश्य एवं सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं कोषाध्यक्ष श्री वर्धमान जैन ने बताया कि रेड क्रॉस के माननीय सदस्य श्री गिरीश कुमार जैन (सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, हिण्डौन) के द्वारा सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी से जुड़े श्री महेंद्र कुमार जैन (तहसीलदार), श्री उमेश बेनीवाल, श्री घनश्याम जी सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा करौली द्वारा किए जा रहे मानवीय एवं जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की तथा संस्था का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के अंत में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सोमली की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमन रानी शर्मा ने सभी अतिथियों, रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी आज

**सूरौठ।** मां बीजासनी कैलादेवी भक्त मंडल के तत्वावधान में खोहरी स्थित बिजासनी माता के दरबार में 25 दिसंबर को आज नवां छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए समिति पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया, समिति सदस्य जीतू गोयल ताली सूरौठ ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंड बाजे व आतिशबाजी के बीच खोहरी मोड़ से बिजासनी माता के दरबार तक व शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद मां भगवती के ध्वज अर्पित कर, पूजा की जाएगी, इस मौके पर श्याम मन म्यूजिकल ग्रुप लालसोट के कलाकार सा भजनों की प्रस्तुति देंगे। गायक कलाकार मनीषा रावत नोएडा, राजू जयपुरिया मथुरा, मीनाक्षी शर्मा भरतपुर, अंकित राजस्थानी हिंडौनसिटी है आदि प्रस्तुति देंगे, इस मौके पर माता रानी की सजीव झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। भंडारे का आयोजन प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण होगा।

### छात्राओं को ऊनी वस्त्र वितरित किए

**सरमथुरा।** पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हाल ही में 550 छात्राओं को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। यह वितरण स्थानीय थाना अधिकारी हरेंद्र सिंह की अगुवाई में भामाशाहों के सहयोग से किया गया। थानाधिकारी हरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर बताया कि यह पहल छात्राओं में एकरूपता लाने का एक प्रयास है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्राओं में छोटे-बड़े का कोई भेदभाव न रहे और वे शीत ऋतु में भी नियमित रूप से विद्यालय आ सकें। विद्यालय के प्राचार्य भगवान दास ने सभी भामाशाहों और थानाधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बालिका नामांकन में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में प्रेरक शिक्षक की भूमिका निभाने वाले राजू सैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि बालिका विद्यालय को हमेशा स्थानीय भामाशाहों का अच्छा सहयोग मिलता रहा है। इस वितरण कार्यक्रम में हरेंद्र सिंह, योगेश शर्मा, मुकेश बिंदल, आलोक बिंदल, रफीक खान उर्फ गोलइया ठेकेदार, ममता पटेल, रामेश्वरऔर राजू सैन ने भामाशाह के रूप में सहयोग किया।

### पेंशनर्स का वार्षिक अधिवेशन आज

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा गंगापुर सिटी का वार्षिक अधिवेशन एवं वयोवृद्ध सम्मान समारोह आज गुरूवार को भगवती पेलेश गंगापुर सिटी में दोपहर 11 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें अतिरिक्त निदेशक पेंशन विभाग जयपुर, राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेशाध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर, स.मा. के जिला अध्यक्ष हाकिम सिंह व अन्य पदाधिकारी एवं उपशाखाओ के अध्यक्ष अतिथि के रुप में भाग लेंगे। अधिवेशन में पेंशन से संबंधित जानकारी के साथ सभी को वित्तीय प्रबंधन के बारे में भी विशेष जानकारी दी जाएगी।

### उदय जूनियर 11 स्टार ने जीता मुकाबला

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बुधवार को बालाजी क्रिकेट क्लब प्रीमियर लीग-2 का भव्य शुभारंभ सवाई माधोपुर रोड स्थित उघाड़मल बालाजी के सामने मैदान पर हुआ। उद्घाटन मुकाबले में उदय जूनियर 11 स्टार ने अमाबावेरा 11 स्टार को 60 रन से हराया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जयपुर प्रांत सह संयोजक मनोज सैनी ने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर खेल भावना और अनुशासन को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में कुहू स्कूल के निदेशक हेमंत शर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि धरमू गुर्जर सरपंच कार्यक्रम संयोजक थे। कडूराम पार्षद, सीताराम गुप्ता, दीपक शर्मा, गोपाल सैनी, राजू सैनी, गोविंद गुर्जर, धर्म सैनी, एबीवीपी विभाग प्रमुख जगदीश मीणा, करौली जिला संगठन मंत्री अशोक शर्मा, वीरू राजपूत और सीताराम गुर्जर शहर मंडल मंत्री सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथी हेमंत शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट में हर रन महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने और श्खेलो भारतश के सपने को साकार करने का आह्वान किया। शर्मा ने यह भी कहा कि खेलों में रोजगार के बेहतर अवसर हैं और खिलाड़ियों को इन्हें तलाशना चाहिए। इसके बाद दोनों टीमों के कप्तानों का स्वागत किया गया और रिबन काटकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन हुआ। उद्घाटन मैच उदय जूनियर 11 स्टार और अमाबावेरा 11 स्टार के बीच खेला गया, जिसमें उदय जूनियर 11 स्टार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 रन से जीत दर्ज की। मैच के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** बयाना विधायक ऋतु बनावत द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच लगातार जारी है। बुधवार को प्रशासन की एक टीम ने बयाना पहुंचकर राजकीय स्कूलों में विधायक निधि से कराए गए कार्यों का निरीक्षण किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सावंत के नेतृत्व में जिला परिषद की टीम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय भावड़ा का निरीक्षण किया। टीम ने स्कूल में विधायक निधि से उपलब्ध कराई गई दरी-पट्टियों की गुणवत्ता और वितरण की जांच की तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों से संबंधित दस्तावेजों व प्रक्रिया की जानकारी ली। जांच दल में जिला परिषद के सीईओ मृदुल सिंह, एसीईओ रेखा रानी व्यास सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# 'पर्यटन स्थलों को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना नैतिक जिम्मेदारी'

**भरतपुर, (निसं)।** कारवां जुटता गया और विश्व धरोहर पर्यटन स्थल केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान परिसर में साफ-सफाई के साथ प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौका था सुशासन सप्ताह एवं राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को पंच गौरव थीम पर सफाई अभियान का।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने प्लास्टिक युक्त उत्पादों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण, पक्षियों और वन्यजीवों के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे मृदा की गुणवत्ता प्रभावित होती है और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरा भरतपुर शहर के ड्रेनेज सिस्टम को भी प्रभावित करता है, जिससे जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि भरतपुर के पर्यटन स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटक अपने साथ भरतपुर को एक स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के प्रति जागरूक शहर के रूप में पहचान लेकर जाएं।

इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के चयनित यूनेस्को विश्व धरोहर पर्यटन स्थल केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान परिसर में जिला प्रशासन के तत्वावधान में विशेष साफ-सफाई कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रमदान में भागीदारी निभाई। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में लगभग एक घंटे तक चले इस स्वच्छता अभियान में करीब 4 ट्रॉली प्लास्टिक, गीला एवं सूखा कचरा एकत्र किया गया। एकत्रित कचरे का नियमानुसार पृथक्करण कर निस्तारण किया गया, ताकि पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखा जा सके। अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करना था, बल्कि आमजन एवं पर्यटकों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना रहा।

विशेष सफाई अभियान के दौरान कैवलादेव उद्यान के मुख्यद्वार से लेकर वाहन पार्किंग स्थल तक राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे उद्यान की चारदिवारी तक फैले प्लास्टिक कचरे का एकत्रित कर नगर निगम के कचरा वाहनों में एकत्रित किया गया। खरपतवार एवं सुखी झाडियों को हटाकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामुहिक रूप से झाडू लगाई। सफाई अभियान में नगर निगम के 100 कार्मिकों ने हाथों में झाडू थामकर वाहन पार्किंग स्थल को साफ-सुथरा कर दिया।

विशेष सफाई अभियान में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों में हाथों में झाडू, तगारी एवं प्लास्टिक कचरा एकत्रित करने दस्ताने पहनकर एक घंटे तक पसीना बहाया। आमजन ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए साफ-सफाई में बढ-चढकर भाग लिया। विश्वप्रसिद्ध पर्यटक स्थल को प्लास्टिक कचरे से फ्री रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डीएफओ चेतन कुमार बीवी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, नगर निगम आयुक्त श्रवण विश्नोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, संयुक्त निदेशक पर्यटन संजय जौहरी, उपायुक्त देवस्थान मुकेश मीना, अधिशाषी अभियंता चम्बल परियोजना एचके अठावाल, गिरधारी तिवारी, मनोज भरद्वाज, मोहन रारह, कुलदीप पोसवाल, गौरव सरपंच, डॉ. पचौरी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने इको-टूरिज्म और स्वच्छता के प्रति सामूहिक सहभागिता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया।

## कलश यात्रा आज

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** श्री राम कथा सेवा समिति की बैठक अग्रवाल धर्मशाला, स्टेशन रोड पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी श्री राम कथा के सफल आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से गंगा प्रसाद (एडवोकेट) को श्री राम कथा का मुख्य यजमान चयनित किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि कलश यात्रा 25 दिसंबर 2025 को नई अनाज मंडी स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर किरण पैलेस तक निकाली जाएगी। बैठक में श्री राम कथा के संयोजक गोविंद, मदन मोहन, ओम प्रकाश धर्म कांटा नरदेव आर्य(नरसी), संजय ठीकरिया, गंगा प्रसाद (एडवोकेट), जगदीश एडवोकेट, दिनेश करणपुर दुर्लभ (सरपंच), विष्णु सिंघल एल आई सी, पंकज (एचपी गैस) सुरेश अग्रवाल कोचिंग सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

**करौली, (निसं)।** मासलपुर शिक्षा विभागीय 36 वी जिला स्तरीय शिक्षक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता चयन एवं दल गठन 2025- 26 का समापन समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मासलपुर में बुधवार को आयोजित हुआ।

प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य रामेश्वर जाटव व मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीना व अध्यक्षता वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक हरिचरण मीणा ने की । विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रारंभिक शिक्षा के खेल प्रभारी मुकेश चंद शर्मा,, संरक्षक राजेश सहारिया , ऑनलाइन प्रभारी वरुण सिंह, प्रतियोगिता पर्यवेक्षक व्याख्याता विनय कुमार शर्मा रहे । मुख्य अतिथि मीना ने कहा कि शिक्षक आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर करौली जिले का नाम रोशन करें। खिलाडी खेलों से सामाजिक समरसता , भाईचारा, अनुशासन व जीवन जीने की कला सिखता है। अध्यक्षता कर रहे मीना ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलना बहुत जरूरी है।

इससे पूर्व अतिथियों का आयोजन कमेटी के प्रधानाचार्य रामेश्वर जाटव, ,दिनेश सिंह खटाना, रामजीलाल,पवन कुमार , पीयूष शर्मा शारीरिक शिक्षक महेंद्र गौतम , प्रियकांत मीणा ने माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर स्वागत किया, स्थानीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम का मंच संचालन फिजिकल टीचर वेदरत्न जैमनी ने किया । 23 से 24 दिसंबर तक आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में वॉलीबॉल, कबड्डी, शतरंज, एकल नृत्य समूह गान, विचित्र वेशभूषा, एथलेटिक्स, 100 , 200, 4,00 मीटर दौड़, लंबी कूद ,ऊंची कूद गोला फेंक, खेल आयोजित हुए। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक योगेंद्र सुल्तानोत, ,प्रशांत शर्मा, सागर मीणा,,महेश तिवारी, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**भरतपुर, (निसं)।** डैश ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स की इकाई डैश स्किल एडूट्रेन प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णा नगर, भरतपुर परिसर में राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड जयपुर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर आर. एस. सी.आई.टी., आर. एस. सी. एफ. ए. (टैली अकाउंटिंग) एवं स्पोकन इंग्लिश के नए बैच प्रारंभ किए गए। कार्यक्रम में नगर निगम के पार्षद श्याम सुन्दर गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेश चौधरी, महिला अधिकारिता विभाग की लिंग विशेषज्ञ पूजा वशुमति एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता दिनेश तथा सामाजिक कार्यकर्ता शाल्हो हैम्ब्रोम शामिल रहीं।

मुख्य अतिथि श्याम सुन्दर गौड़ एवं विशिष्ट अतिथि दिनेश ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भरता हेतु सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह तीन माह का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम महिलाओं को स्वरोजगार एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाएगा। साथ ही संस्था द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात छह माह तक तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि राजेश चौधरी ने महिला सशक्तिकरण हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता शाल्हो हैम्ब्रोम ने महिला शिक्षा एवं जागरूकता पर जोर देते हुए बाल विवाह एवं बाल मजदूरी जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डाला तथा उनकी रोकथाम के उपाय बताए। वहीं पूजा वशुमति ने महिलाओं को गुड टच एवं बैड टच, महिलाओं पर होने वाले यौन उत्पीड़न तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया एवं टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 198 की जानकारी दी।

## समग्र शिक्षा की समीक्षा बैठक

**भरतपुर, (निसं)।** अति. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में भरतपुर एवं डीग जिले के समस्त शिक्षा विभागीय अधिकारियों एवं पीएमश्री संस्थाप्रधानों की बैठक का आयोजन डाइट भरतपुर सभागार में किया गया। उनके साथ नादान सिंह उपनिदेशक, धर्मवीर सिंह सहायक निदेशक, नितेश त्रिपाठी लेखा सहायक, धर्म गोयल प्लान प्रभारी, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर भी उपस्थित रहे। जिसमें समग्र शिक्षा की समस्त गतिविधियों जैसे पीएमश्री, व्यावसायिक शिक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, बालिका शिक्षा, आई.सी.टी लैब, वैकल्पिक एवं औपचारिक शिक्षा, समावेशी शिक्षा, परीक्षा पर चर्चा एवं सिविल से सम्बन्धित निर्माण कार्यों पर बृहद रूप से समस्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की गई।

## आक्रोश जताया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।**बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू दास की निर्मम हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया गया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के आह्वान पर मंगलवार को यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें सर्व समाज के लोग शामिल हुए। बजरंग दल, विहिप और सर्व समाज के कार्यकर्ता बालाजी चौक पर एकत्रित हुए। यहां से उन्होंने पैदल रैली निकाली, जो मुख्य बाजार, चौपड़ बाजार और देवी स्टोर होते हुए व्यापार मंडल चौराहा पहुंची। प्रदर्शनकारियों ने व्यापार मंडल चौराहे पर बांग्लादेशी आतंकवाद का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की।

# बिजली सप्लाई व ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

**करौली, (निसं)** परिता ग्राम पंचायत के किसने ने बुधवार को नियमित बिजली सप्लाई देने और ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पर जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर ट्रांसफार्मर लगवाने और नियमित विद्युत सप्लाई देने की मांग की

परिता ग्रम पंचायत क्षेत्र के घनश्याम मीणा संजय मीणा मदन मोहन पृथ्वी लाल बेरवा हरि सिंह कैलाश चंद मीणा देवेंद्र गुर्जर समर सिंह हरकेश मीणा रविंद्र सिंह गुर्जर हरि सिंह मीणा सुवालाल मीना बृजेश शर्मा दर्शन सिंह प्यारेलाल बेरवा प्यारेलाल गुर्जर धोड़ी गुर्जर आदि ने जिला कलेक्टर को सौंप ज्ञापन में खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत परिता मैं पिछले 2 महीने से बिजली की समस्या बनी हुई है जिसकी सप्लाई नियमित रूप से नहीं दी जा रही है उन्होंने बताया कि एक और तो सरकार किसानों को 6 घंटे बिजली की सप्लाई देने का दावा करती है लेकिन यहां सरकार के दावे फेल हो रहे हैं उन्होंने बताया कि एक ट्रांसफार्मर को लगाने की विद्युत विभाग के अधिकारी 2 महीने से झूठ बोलने आ रहे हैं लेकिन लग नहीं पा रहे हैं जिससे रवि की फसल को सूखने का किसानों में भय व्याप्त है।

# समृद्ध भारत अभियान संस्था ने काली की बगीची श्मशान को लिया गोद

■ **शहर के अन्य श्मशानों के जीर्णोद्धार हेतु सामाजिक संस्थाओं से की सहभागिता की अपील की**

**भरतपुर, (निसं)।** समृद्ध भारत अभियान संस्था ने मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए शहर के काली की बगीची श्मशान को गोद लेने का ऐतिहासिक एवं सराहनीय निर्णय लिया है। संस्था का उद्देश्य श्मशान परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित, सुविधायुक्त एवं गरिमामय बनाना है, जिससे अंतिम संस्कार हेतु आने वाले नागरिकों को पीड़ा की घड़ी में किसी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा का सामना न करना पड़े।

संस्था के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मीडिया के माध्यम से यह तथ्य सामने आया कि भरतपुर शहर के अधिकांश श्मशानों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक एवं उपेक्षित है। वर्षों से नियमित रख-रखाव के अभाव में श्मशान परिसरों में गंदगी का अंबार, पेयजल की गंभीर समस्या, बैठने हेतु बनी बेंचों व शेडों की जर्जर अवस्था, रास्तों की बदहाली, प्रकाश व्यवस्था की कमी तथा झाड़ियों व कंटीली घास का अनियंत्रित फैलाव जैसी समस्याएँ व्याप्त हैं। उन्होंने बताया कि श्मशान जैसे पवित्र एवं संवेदनशील स्थलों पर इस प्रकार की अव्यवस्थाएँ न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती हैं, बल्कि शोकाकुल परिजनों की पीड़ा को और अधिक बढ़ा देती हैं। इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए समृद्ध भारत अभियान संस्था ने यह निर्णय लिया कि काली की बगीची श्मशान को गोद लेकर वहाँ चरणबद्ध तरीके से सुधार एवं विकास कार्य कराए जाएंगे। गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक चरण में श्मशान परिसर की साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था, बैठने के लिए सुविधाजनक बेंचों की मरम्मत अथवा नवीन बेंचों की स्थापना, अंतिम संस्कार स्थलों के आसपास समतलीकरण तथा प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भविष्य में परिसर को हरित एवं शांत वातावरण प्रदान करने के लिए पौधारोपण, मार्गों का सुदृढ़ीकरण तथा मूलभूत संरचनाओं का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि यह पहल केवल एक श्मशान तक सीमित नहीं रखी जाएगी। संस्था ने शहर के अन्य श्मशानों के जीर्णोद्धार एवं समुचित रख-रखाव के उद्देश्य से अपना घर, चौम्बर्स ऑफ कॉमर्स, विवेक टी वी एस मोटर्स, भरतपुर बीट्स ग्रुप सहित विभिन्न व्यापार मंडलों, सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संस्थाओं को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे भी एक-एक श्मशान को गोद लेकर इस मानवीय एवं पुण्य कार्य में सहभागी बनें।

गुप्ता ने कहा कि समाज के अंतिम संस्कार स्थलों का सुव्यवस्थित होना सभ्य समाज की पहचान है। यदि सामाजिक संस्थाएँ, उद्योगपति एवं व्यापारी वर्ग आगे आकर सहयोग करें, तो श्मशानों की स्थिति में स्थायी सुधार संभव है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समृद्ध भारत अभियान की यह पहल अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और आने वाले समय में शहर के सभी श्मशान सम्मानजनक स्वरूप में विकसित हो सकेंगे।

## सार-समाचार

### हिण्डौन हेरिकेन्स ने दर्ज की जीत

**करौली।** जिले की सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता करौली प्रीमियर लीग (केपीएल) 2025 सीजन-3 का भव्य उद्घाटन बुधवार को राजीव गांधी खेल संकुल मैदान पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, केपीएल संयोजक राजेश सारस्वत, सचिव बबलू शुक्ला सहित कई जनप्रतिनिधि, भामाशाह और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। केपीएल संयोजक राजेश सारस्वत एवं मीडिया प्रभारी सागर शर्मा ने बताया कि समारोह में सभी अतिथियों ने मैदान पर उतरकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक हंसराज मीणा, विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, एसपी लोकेश सोनवाल, ने बल्ले से गेंद खेलकर केपीएल-3 का शुभारंभ किया। आयोजकों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। संयोजक राजेश सारस्वत एवं मीडिया प्रभारी सागर शर्मा ने बताया कि केपीएल-3 में जिले के साथ-साथ बाहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद प्रतियोगिता का पहला मुकाबला राज रॉयल और हिन्डौन हेरिकेन्स के बीच खेला गया, जो पूरी तरह रोमांच से भरपूर रहा। टॉस जीतकर हिन्डौन हेरिकेन्स ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। शानदार गेंदबाजी के आगे राज रॉयल की पूरी टीम 104 रन पर सिमट गई। राज रॉयल्स की ओर से अमित भारद्वाज ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, जबकि हिन्डौन हेरिकेन्स की तरफ से मोहम्मद गाजी ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। 105 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिन्डौन हेरिकेन्स की टीम ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। गेंदबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भरत शर्मा ने मात्र 18 रन देकर चार विकेट हासिल किए और उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार नगर परिषद प्रतिनिधि जीतू गुप्ता ने प्रदान किया।गुरुवार को होने वाले मुकाबलों में सुबह 9 बजे से कृष्णा सुपरस्टार्स बनाम पाराशर पैंथर्स तथा दिन का दूसरा मैच दोपहर 12:30 बजे जयपुर जैगुआर बनाम हिन्डौन हेरिकेन्स के बीच खेला जाएगा।

### सड़क सुरक्षा व मानकों के बारे में बताया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल खंडीप में बुधवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के तत्वावधान में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानकीकरण, गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से ''हेलमेट'' विषय पर मानक निर्माण कराया गया। इसका लक्ष्य सड़क सुरक्षा और मानकों की उपयोगिता को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रधान गंगाराम मीना ने की। इसके बाद मानक क्लब प्रभारी दीपक कुमार विजौरिया ने भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका, उसके कार्यों, मानक चिन्हों के महत्व और बीआईएस केयर ऐप की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। विजौरिया ने बताया कि मानकों को अपनाने से उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित होती है और आमजन की सुरक्षा बढ़ती है। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के कुल 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायकों के मूल्यांकन के बाद दीपक कुमार महावर और मनीष महावर को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कविता मीना और मनु स्वामी ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि खुशांत सिंह और प्रवीन भोजवाल तृतीय स्थान पर रहे। शिवम भोजवाल और नितेश सैन को चतुर्थ स्थान मिला। कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### क्रिसमस उत्सव मनाया

**भरतपुर, (निसं)।** लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स द्वारा क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर बच्चों के साथ बड़ी मस्ती, उल्लास और धूमधाम के साथ क्रिसमस उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने बच्चों के साथ केक काटा, गीत संगीत एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया, जिससे संपूर्ण वातावरण खुशियों से सराबोर हो गया। क्लब द्वारा सभी बच्चों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किए गए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।


**कार्यालय नगर परिषद हिण्डौन सिटी जिला करौली ( राज. )**

क्रमांक: 8659 दिनांक: 24.12.2025

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित आवेदक ने अपनी खातेदारी की भूमि में से जरिये इकरारनामा द्वारा भूमि का क्रेताओं द्वारा निम्नांकित वर्णित भूमि का 90ए/90बी आवासीय पट्टा/व्यवसायिक/फार्म हाउस पट्टा चाहा गया है जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पात | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल (वर्गगज/ वर्गफीट में) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरविन्द कुमार डागुर पुत्र श्री प्रहलाद सिंह जाति जाट निवासी साधना कॉलोनी हिण्डौन सिटी | 1623 | 133.33 |
| 2 | श्री सचिन गोयल पुत्र श्री राजेन्द्र गोयल जाति महाजन निवासी करौली रोड हिण्डौन सिटी | 5325, 5330 /10117 | 161.82 |
| 3 | श्री कैलाश पुत्र श्री बजरंग लाल निवासी जाटव बस्ती, हिण्डौन सिटी | 6391 | 66.66 |
| 4 | श्री राजकुमार पुत्र श्री रामसिंह जाति जाट निवासी छप्रौला हिण्डौन सिटी | 1156 | 301.38 |
| 5 | श्री विपिन बंसल पुत्र स्व. श्री बृजमोहन बंसल निवासी मोहन नगर हिण्डौन सिटी | 2285 | 55.55 |
| 6 | श्रीमती शीला बंसल पत्नी श्री अनिल बंसल निवासी मोहन नगर हिण्डौन सिटी | 2285 | 55.55 |
| 7 | श्री पवन कुमार गर्ग पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद गर्ग जाति महाजन निवासी अग्रसेन विहार, गणेश नगर हिण्डौन सिटी | 2095 | 111.11 |
| 8 | श्री राजेन्द्र पुत्र श्री बुद्धी निवासी अग्रसेन विहार नियम अग्रसेन कॉलेज हिण्डौन सिटी | 2108 | 175.97 |
| 9 | श्रीमती शारदा देवी पत्नी श्री शिव कुमार निवासी नन्दे भुमिया हिण्डौन सिटी | 2126 | 155 |
| 10 | श्री दिलीप कुमार पुत्र श्री बाबू लाल निवासी बरगमा रोड हिण्डौन सिटी | 5867 | 155.55 |
| 11 | श्री रोशन जैन पुत्र श्री राजकुमार जैन, पुष्पेन्द्र सोनी पुत्र श्री योगेन्द्र सोनी निवासी बरगमा रोड हिण्डौन सिटी | 5867 | 155.55 |
| 12 | बृजकिशोर शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा निवासी बनकी रोड, हिण्डौन सिटी | 1589 | 139.35 |
| 13 | बृजकिशोर शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा निवासी बनकी रोड, हिण्डौन सिटी | 1589 | 139.35 |
| 14 | श्री गजानन्द मीना पुत्र श्री कारू सिंह मीना जाति मीना नीति विहार कॉलोनी, हिण्डौन सिटी | 4023 | 202.96 |
| 15 | श्री विकास मित्तल पुत्र श्री विष्णु मित्तल निवासी झण्डू का पूरा हिण्डौन सिटी | 165 | 561.55 |
| 16 | श्री अमर सिंह पुत्र श्री तुलसी राम निवासी आनन्द विहार हिण्डौन सिटी। | 1549 | 230.18 |
| 17 | श्री सोहन लाल पुत्र श्री कुन्दन लाल जाति जाटव निवासी कुन्दन कृषि फार्म, नियर बारौलिया पेट्रोल पम्प के पास हिण्डौन सिटी | 1549 | 230.18 |
| 18 | श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री सोहन लाल जाति जाटव निवासी कुन्दन कृषि फार्म, नियर बारौलिया पेट्रोल पम्प के पास हिण्डौन सिटी | 1549 | 298.75 |
| 19 | श्री विष्णु पुत्र श्री राम किशोर निवासी बरगमां रोड, सूरज कॉलोनी हिण्डौन सिटी | 5785 | 183.33 |
| 20 | श्री राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र हुकम चन्द जैन जाति जैन निवासी वर्धमान नगर हिण्डौन सिटी | 2165, 2166 | 213.88 |
| 21 | श्री सोहन लाल पुत्र श्री कुन्दन लाल जाति जाटव निवासी कुन्दन कृषि फार्म, नियर बारौलिया पेट्रोल पम्प के पास हिण्डौन सिटी | 1549 | 75.55 |
| 22 | श्री महेश सिंह बैनीवाल पुत्र श्री आशीष चौधरी निवासी हिण्डौन सिटी | 3498/3499 एकल पट्टा | 6219.20 |
| 23 | श्रीमती समंदर देवी पत्नी श्री ब्रह्माराज गुर्जर निवासी किशन नगर हिण्डौन सिटी | 1906/ 10086 | 6219.20 |
| 24 | श्री दौलत सिंह पुत्र श्री गजानंनद निवासी विहाइड हैवल्स गार्डन हिण्डौन सिटी | 5976 | 133.33 |
| 25 | श्री पवन कुमार गर्ग पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद गर्ग निवासी अग्रसेन विहार, गणेश नगर हिण्डौन सिटी | 2095 | 111.11 |

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नं. में पट्टा जारी करने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस में परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। अन्दर अवधि में आपत्ति पेश नहीं होने पर आवेदनकर्ता को नियामानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके पश्चात् कोई भी आपत्ति नहीं सुनी जावेगी। सूचित रहें।

आयुक्त, नगर परिषद हिण्डौन

# सरकार का मूल मंत्र है ''विरासत के संरक्षण के साथ विकास''- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना के पानी से शेखावाटी की भूमि हरी-भरी होगी

सीकर/जयपुर, 24 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास के मूल मंत्र पर संकल्पित होकर कार्य कर रही है। शर्मा बुधवार को सीकर के रामगढ़ शेखावाटी में राज्य सरकार के 2 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शेखावाटी के उद्यिमयों में समाज सेवा और परोपकारिता की भावना भरी हुई है। इस मिट्टी में जन्म लेने वालों में मातृभूमि की सेवा करने का जुनून भी होता है। यहां के लोग बड़ी संख्या में सेना एवं सशस्त्र बलों में शामिल होकर मां भारती की सेवा कर रहे हैं।

- **शेखावाटी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि झुंझुनूं, सीकर व चूरू की 662 हवेलियों को संरक्षण व पुनरुद्धार के लिए चिह्नित किया गया है। इन ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण व विकास के लिए एक कानून भी लाया जाएगा।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को रामगढ़ शेखावाटी में सीकर जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी, नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ मौजूद थे।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी की हवेलियां हमारी अद्वितीय धरोहर हैं और इनके संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। झुंझुनूं, सीकर और चूरू की 662 ऐतिहासिक हवेलियों को संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए चिन्हित किया गया है, जिन्हें पर्यटन हब के रूप में विकसित कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इनके संरक्षण और विकास के लिए एक कानून भी लाया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र में पानी उपलब्ध कराने के लिए यमुना जल समझौते की क्रियान्विति की जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि शेखावाटी को यमुना का भरपूर पानी मिलेगा और शे ाावाटी की यह भूमि हरी-भरी होगी। नगरीय विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में पानी की आवश्यकता को समझते हुए रामजन सेतु लिंक परियोजना तथा यमुना जल समझौते जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इससे शेखावाटी के जिलों में यमुना का पानी उपलब्ध हो सकेगा।ष्कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सीकर जिले के लिए 155 करोड़ रुपये से अधिक राशि के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत लाभार्थियों को स्कूटी वितरित की।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, विधायक गोरधन, सुभाष मील, हरलाल सहारण, राजेन्द्र भांबू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# 'डिप्टी सीएम की पोस्ट से खुश हूँ'

नयी दिल्ली, 24 दिसंबर। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई विवाद नहीं है और वे उपमुख्यमंत्री बने रहने में संतुष्ट हैं।

शिवकुमार ने यहां कर्नाटक भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस में आंतरिक मतभेदों या कांग्रेस नेतृत्व के साथ बैठकों की बातें केवल अफवाहें हैं, जो मीडिया में फैली हुई हैं।

- **कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने प्रदेश में किसी भी प्रकार के बदलाव को खारिज किया व कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई विवाद नहीं है।**

उन्होंने कहा, ''मैं कांग्रेस आलाकमान में किसी से मिलने नहीं आया हूं। मैं उपमुख्यमंत्री बने रहकर खुश हूं। मुझे पार्टी कार्यकर्ता बनना पसंद है।'' शिवकुमार ने कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद पर संभावित बदलाव के बारे में पूछे गये सवालों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी नाम को लेकर अटकलें नहीं लगायी जानी चाहिये और नेतृत्व से संबंधित कोई भी निर्णय पूरी तरह से कांग्रेस पार्टी के हाथ में है। नेतृत्व जो भी फैसला करेगा, उसे स्वीकार किया जाएगा। शिवकुमार ने दोहराया कि दिल्ली की उनकी यात्रा पूरी तरह से प्रशासनिक है, राजनीतिक नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सिंचाई और शहरी विकास सहित, राज्य से संबंधित मुद्दों पर केन्द्रीय मंत्रियों से मिलने के लिये दिल्ली आए थे।

# अरावली में खनन के नए पट्टे नहीं दिए जाएंगे

## केन्द्र सरकार ने यह फैसला किया और सभी संबंधित राज्य सरकारों को इससे संबंधित दिशा निर्देश दिए

नयी दिल्ली, 23 दिसंबर। केन्द्र सरकार ने अरावली में खनन को लेकर जारी विवाद के बीच खनन के नये पट्टे देने पर रोक लगा दी है।

- **केन्द्र सरकार ने यह खनन निषेघ समूचे अरावली क्षेत्र में लगाया जाएगा और इसका मुख्य उद्देश्य अरावली का संरक्षण**
- **वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद को निर्देश दिया है पूरे अरावली क्षेत्र में सतत खनन के लिए व्यापक वैज्ञानिक योजना बनाई जाए और फिर योजना पर जनता से सुझाव मांगे जाए।**
- **केन्द्र सरकार ने कहा योजना के आधार पर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाएगी।**

सरकार ने निर्णय लिया है कि जब तक पूरे अरावली क्षेत्र के लिए सतत खनन प्रबंधन योजना तैयार नहीं की जाती है, तब तक किसी नयी खदान का पट्टा नहीं दिया जाएगा।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बुधवार को यहां कहा कि दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली श्रृंखला को अवैध खनन से बचाने के लिए उसने बड़ा कदम उठाया है, और फैसला लिया है कि अरावली में कोई भी नया खनन पट्टा नहीं दिया जाएगा। इस बारे में सभी जरूरी निर्देश सबंधित राज्यों को भी दिये गये हैं। केन्द्र सरकार ने कहा है कि पूरे अरावली क्षेत्र की रक्षा के मकसद से उसने निर्णय लिया है कि अरावली में कोई भी नया खनन पट्टा नहीं दिया जाएगा और संरक्षित क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा है कि यह खनन निषेध पूरे अरावली क्षेत्र में समान रूप से लागू होगा। दिशा निर्देशों का उद्देश्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक फैली अरावली श्रृंखला को संरक्षित कर सुरक्षा प्रदान करना है और इस क्षेत्र में होने वाली अनियमित खनन गतिविधियों को पूरी तरह से रोकना है।

अरावली को खनन से बचाने के लिए मंत्रालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (आईसीएफआरई) को संपूर्ण अरावली में पारिस्थितिकी तथा भूवैज्ञानिक स्तर पर अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान करने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस क्षेत्र में खनन निषिद्ध होना चाहिए।

आईसीएफआरई ने पूरे अरावली क्षेत्र में सतत खनन के लिए व्यापक वैज्ञानिक प्रबंधन योजना तैयार करने को भी कहा है और जब योजना तैयार हो जाएगी तो इसे सार्वजनिक कर इस पर लोगों के सुझाव मांगे जाएंगे और जो सुझाव आएंगे, उनमें संचयी पर्यावरणीय प्रभाव और पारिस्थितिक वहन क्षमता का आकलन कर, उसके आधार पर पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की जाएगी।

मंत्रालय ने यह भी कहा है कि केन्द्र की यह कवायद स्थानीय स्थलाकृति, पारिस्थितिकी और जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण अरावली में खनन को निषिद्ध करने के लिए है। केन्द्र ने यह भी कहा है कि पहले से ही चल रही खदानों के लिए संबंधित राज्य सरकारें पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगी और उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप काम करेंगी।

# उद्धव ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

तवज्जो न देने की कोशिश की है। पार्टी के नेता और मौजूदा मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने कहा, ''बेकार का शोर मचाया जा रहा है, मानो पुतिन और ज़ेलेंस्की एक हो गए हों। राज और उद्धव दोनों ही फुस्स हो चुके पटाखे हैं, जिन्हें महाराष्ट्र के मतदाताओं ने बार-बार नकारा है। यह अवसरवादी गठबंधन कोई असर नहीं डालेगा।''

# पड़ोसी देशों के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

थीं। साफ तौर पर, असमान हैसियत वाले पड़ोसी देशों के बीच ऐसी स्थिति एक सामान्य बात है।

दोनों देशों के बीच पूरी तरह से विश्वास की कमी है और आपसी रिश्तों में बहुत कम सकारात्मकता बची है। कुछ विश्लेषक और विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यह आपसी कड़वाहट नियंत्रण से बाहर भी जा सकती है।

इस बात के साफ संकेत हैं कि पाकिस्तानी तत्वों ने समाज के सबसे उग्र चरमपंथी तत्वों पर नियंत्रण कर लिया है। चरम कट्टरपंथी इस्लामी समूह, जो पहले हाशिए पर थे, अब खुद को मुख्यधारा का हिस्सा दिखाने लगे हैं, और यही सबसे बड़ी चिंता की वजह है।

इस पूरी निराशाजनक स्थिति में एकमात्र सकारात्मक बात यह है कि कपड़ा कारखाने में काम करने वाले दीपू चंद्र दास की अमानवीय हत्या की बड़े पैमाने पर आम लोगों ने ज़ोरदार निंदा की है। देश के अलग-अलग नागरिक संगठनों ने कई विरोध मार्च भी निकाले हैं।

हिंसा का अचानक भड़क उठना, बड़े पैमाने पर आगजनी और हमले साफ तौर पर यह दिखाते हैं कि देश में शासन की कमजोरी और गहरी अस्थिरता है। इन अनिश्चित हालात का बांग्लादेशी समाज में कट्टरपंथी तत्वों ने पूरा फायदा उठाया है।

# संसद में स्मार्ट गैजेट्स पर रोक

नई दिल्ली, 24 दिसंबर। संसद की सुरक्षा और गोपनीयता को और पुख्ता करने के लिए लोकसभा सचिवालय ने सांसदों के लिए महत्वपूर्ण एडवाइज़री जारी की है। बुधवार को जारी एक बुलेटिन के जरिये लोकसभा सचिवालय ने सांसदों से अपील की है कि वे संसद परिसर में स्मार्ट डिवाइस, जैसे स्मार्ट चश्मा, पेन कैमरा और स्मार्ट घड़ी का इस्तेमाल न करें। सचिवालय का कहना है कि ऐसे उपकरणों से सांसदों की निजता को खतरा हो सकता है और संसदीय विशेषाधिकारों का उल्लंघन भी हो सकता है।

# उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता अपनी मां के साथ राहुल और सोनिया से मिली

नयी दिल्ली, 24 दिसंबर। उन्नाव दुष्कर्म के आरोपी कुलदीप सेंगर की सज़ा निलंबित होने के बाद, पीड़िता ने अपनी मां के साथ बुधवार को यहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और अपने लिए सुरक्षा की मांग की।

यह मुलाकात कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर हुई। इस दौरान सोनिया गांधी भी बैठक में मौजूद थीं। पीड़िता ने मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमने राहुल जी और सोनिया जी से मुलाकात की और उन्हें बताया कि हम किस दौर से गुज़र रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृह मंत्री और राष्ट्रपति से भी मिलना चाहती हूं। मुझे सिर्फ न्याय चाहिये। मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मिलने की गुहार लगाई, लेकिन कोई नहीं मिला। वहीं, राहुल भैया का सामने से फोन आया और उन्होंने मुझे मिलने के लिए बुलाया। उन्होंने मुझे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के साथ मुलाकात के दौरान, पीड़िता और उसके परिवार ने मुख्य रूप से तीन तरह की सहायता मांगी, जिसमें सुरक्षा के साथ-साथ अपने मामले की पैरवी के लिये किसी वरिष्ठ वकील की सेवा और परिवार को किसी कांग्रेस शासित राज्य में स्थानांतरित होने में मदद की मांग शामिल है। पीड़िता का कहना है कि उसे और उसके परिवार के सदस्यों को उत्तर प्रदेश में हत्या किए जाने का डर है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।

# 'मैं दिल्ली में दो...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पहुंचाना होगा। मैं अक्सर देखता हूं कि मुसलमान क्या करते हैं, चाय और पंचर की दुकानें चलाते हैं, शिक्षा की कमी है और जनसंख्या बहुत ज्यादा है।''

गडकरी ने कहा कि देश में ''हिंदू-मुस्लिम मुद्दे'' कांग्रेस की वोट बैंक राजनीति का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता का मतलब ''सभी के लिए न्याय'' है, लेकिन वोट बैंक राजनीति के लिए लायी गई नीतियों ने इस समस्या को जन्म दिया। उन्होंने कहा, ''हमारी संस्कृति सांप्रदायिक और जातिवादी नहीं है। हिंदुत्व उदार और सहिष्णु है।'' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा व्यक्त किये गये विचारों को दोहराते हुए उन्होंने कहा, ''भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। यह धर्मनिरपेक्ष था और धर्मनिरपेक्ष रहेगा। ''ऐसा भाजपा या संघ के कारण नहीं है। यह भारतीय संस्कृति, हिंदू संस्कृति और सनातन संस्कृति के कारण है, जो हमें पूरी दुनिया के कल्याण की कामना करना सिखाती है।''

दिल्ली में भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण पर काबू पाने में नाकाम रहने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इन्डैक्स -एक्यूआई) कई सप्ताह से 'बहुत खराब' और 'गंभीर' श्रेणियों में बना हुआ है।

कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने गडकरी की टिप्पणियों का इस्तेमाल दिल्ली सरकार और केन्द्र, पर दोनों पर हमला करने के लिए किया, क्योंकि दोनों ही जगह भाजपा सत्ता में है। उन्होंने कहा, ''गडकरी ने कम से कम यह स्वीकार करने का साहस दिखाया। जब आप सभी समाधान दे रहे हैं, तो कृपया इसके लिए भी कोई समाधान सुझाएं। मुझे नहीं लगता कि वाहन ही प्रदूषण का एकमात्र स्रोत हैं। वाहन तो दिल्ली के बाहर भी चलते हैं।''

# सिद्धार्थ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )** ने इसी आदेश में ओमप्रकाश बैरवा का कॉलेज शिक्षा आयुक्त से राज्य विद्युत नियामक आयोग में सचिव के पद पर किया गया तबादला रद्द कर दिया है। बैरवा, फिलहाल कॉलेज शिक्षा आयुक्त ही रहेंगे।

# सरकार ने किया ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अगस्त 2022 में इस मंदिर में हुई एक भगदड़ में दो लोग मर गए थे, तीन साल बाद भी मंदिर में न तो उचित निकासी मार्ग हैं, न भीड़ नियंत्रण के उपाय और न ही सुरक्षा इंतजाम। यह मंदिर 1,200 वर्ग फीट में फैला है और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के समय 5 लाख तक श्रद्धालु यहाँ आते हैं। आप खुद सोच सकते हैं कि इससे क्या परिणाम हो सकते हैं।

एक मंदिर, जिसकी 300 करोड़ रूपए की संपत्ति है, को सुप्रीम कोर्ट के आदेश और तीन साल की कानूनी लड़ाई की जरूरत क्यों पड़ी। तथा सही निकासी बनाने से पहले ये मौतें क्यों हुईं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने मंदिर के 300 करोड़ रूपए के कोष का उपयोग करते हुए, मंदिर के चारों और 5 एकड़ ज़मीन खरीदने और एक सुरक्षा गलियारा बनाने का प्रस्ताव दिया था। लेकिन इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इसे अस्वीकार कर दिया था और कहा था कि मंदिर पर कानूनी अधिकार किसका है, क्योंकि मंदिर को पीढ़ियों से चलाने वाले गोस्वामी सेवायतों के बीच इस बारे में मुकदमा लंबित हैं। यह प्रकरण सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचा मई 2025 में, कोर्ट ने कहा, ठीक है, मंदिर के फंड का उपयोग करें, लेकिन एक शर्त है: ज़मीन की रजिस्ट्री भगवान के नाम पर होनी चाहिए, न कि सरकार के नाम पर। यह शर्त बहुत कुछ बयान कर देती है। कोर्ट को राज्य पर भरोसा नहीं था कि वह ईमानदारी से काम करेगा, लेकिन कोर्ट को मौजूदा प्रबंधन पर उससे भी कम विश्वास था। सरकार ने त्वरित कदम उठाए। 26 मई 2025 को उत्तर प्रदेश ने एक अध्यादेश जारी करके मंदिर पर नियंत्रण लिया और एक नया ट्रस्ट बनाया। आलोचकों ने इसे सरकार का हस्तक्षेप बताया। फिर सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त में उस अध्यादेश पर रोक लगा दी, तथा सरकार की जल्दबाजी पर सवाल खड़े किये। राज्य ने फिर से इसे पूर्व अधिनियम के रूप में विधानमंडल से पारित कराकर इस महीने अधिसूचित कर दिया। बांके बिहारी संकट अकेला नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से मथुरा में ''रिसीवर राज'' का मुद्दा सामने आया। मथुरा में फिलहाल 197 मंदिर कानूनी विवादों में फंसे हुए हैं। इनमें से बहुत से मंदिरों का प्रबंधन कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए रिसीवर्स द्वारा किया जा रहा है, जो दरअसल एक पक्ष के वकील होते हैं। उन्हें मंदिर का प्रबंधन करने के लिए वेतन मिलता है और वे भुगतान पाते रहने की खातिर, संबंधित केसों को कोर्ट में लटकाये रहते हैं।

# लोकसभा में 22 भाषाओं में अनुवाद सेवा शुरु

नयी दिल्ली, 24 दिसंबर। भारत की विविध संस्कृति और भाषाओं का सम्मान करने के लिए 18वीं लोकसभा का हाल ही में संपन्न हुआ शीतकालीन सत्र बहुत खास रहा, जिसमें सांसदों ने संविधान की अनुसूची आठ में डाली गयीं 22 भाषाओं में समानांतर अनुवाद सेवा का इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल के लिए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और सदस्यों को बधाई दी है। लोक सभा सचिवालय की ओर से उपलब्ध करायी गयी जानकारी के अनुसार, संबोधनों के समानान्तर भाषान्तर की इस सेवा के तहत सांसद अपनी भाषा में बोल सकते हैं और बाकी लोग उसे अपनी पसंद की भाषा में सुन सकते हैं। यह सेवा बिड़ला ने 19 अगस्त को शुरू की थी। मोदी ने इस पहल की बहुत सराहना की है और कहा है कि यह भारत की बहुभाषी विरासत को मनाने का एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाओं और संस्कृतियों की विविधता हमारी ताकत है। प्रधानमंत्री ने सांसदों और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को इस काम के लिए बधाई दी है और कहा है कि अब सांसद अपनी मातृभाषा में भाषण दे सकते हैं।

# राहुल-प्रियंका-सचिन...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दावेदार के रूप में पेश किए जाएंगे। इस बात पर पूर्ण सहमति है कि उनका संगठन महासचिव के रूप में कार्यकाल समाप्त हो चुका है। अब बड़ा सवाल यह है कि केसीवी के स्थान पर अगला संगठन महासचिव कौन होगा।

कांग्रेस एक बड़े बदलाव से गुजर रही है, जिसमें प्रियंका गांधी के लिए एक महत्वपूर्ण और बड़ा रोल सामने आ सकता है। एक अंतरंग सूत्र ने कहा, ग्रह गोचर पर भरोसा रखने वाली इस पार्टी में 14 जनवरी से पहले कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। 14 जनवरी के बाद मलमास की अशुभ अवधि समाप्त हो जाएगी और ज्योतिषीय दृष्टिकोण से ग्रहों की स्थिति अनुकूल हो जाएगी। जाहिर है, प्रियंका गांधी को एआईसीसी के चुनाव प्रबंधन विभाग का प्रमुख नियुक्त करने का पत्र सप्ताहों से तैयार पड़ा है। यह देखना होगा कि क्या वह पत्र अब रद्द कर दिया जाएगा और प्रियंका को कोई नया कार्यभार सौंपा जाएगा।

विस्तार से देखा जाए तो वेणुगोपाल की जगह लेने के लिए कई दावेदार हैं। पार्टी के नेताओं का एक शक्तिशाली समूह, जिसे ''जय जगत ग्रुपीज'' कहा जाता है, की नज़र इस प्रतिष्ठित पद पर है। यह समूह उन नेताओं का है, जिनकी सोच वामपंथी और सामाजिक न्याय पर आधारित है। इसमें शशिकांत सेन्थिल, सचिन राव, मीनाक्षी नटराजन, कृष्णा अल्लावेरू और भंवर जितेन्द्र सिंह जैसे नेता शामिल हैं, जो सभी राज्यसभा का सदस्य बनने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, अधिकांश पारंपरिक कांग्रेस नेताओं को इस गुट का ऊपर उठना पसंद नहीं है, जिसके कारण अशोक गहलोत, अजय माकन और दिग्विजय सिंह जैसे अति वरिष्ठ नेता भी इस पद के लिए अपना नाम सामने ला रहे हैं। हालांकि, गहलोत या दिग्विजय का संगठन महासचिव बनना संभावना से परे है, खासकर भाजपा द्वारा 45 वर्षीय नितिन नबीन को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद। कांग्रेस नेतृत्व, यानी राहुल, सोनिया, प्रियंका और एआईसीसी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे पर दबाव है कि संगठन महासचिव किसी युवा नेता को बनाए।

इस आंतरिक उथल-पुथल के कारण, अब सचिन पायलट के नाम पर जोर दिया जा रहा है, जो वर्तमान में एआईसीसी के महासचिव हैं और छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। पर पायलट के दृष्टिकोण में, राजस्थान कांग्रेस का अध्यक्ष पद सबसे महत्वपूर्ण है, जिस पर वर्तमान अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जुलाई 2020 से अब तक मौजूद हैं और इस पद पर उन्हें पांच साल और छह महीने हो चुके है। सूत्रों का कहना है कि यदि गांधी परिवार पायलट को संगठन महासचिव पद लेने के लिए कहता है, तो उनके पास इसे स्वीकार करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होगा। पार्टी में पायलट की विभिन्न क्षेत्रीय, जाति और लैंगिक विचारों के बीच व्यापक लोकप्रियता को देखते हुए, उनका जीएसओ के रूप में प्रमोशन एआईसीसी सचिवालय में कुछ नयापन और ताजगी ला सकता है।

जाने-माने स्तम्भकार तथा कांग्रेस के करीबी राशिद किदवई लिखते है कि पायलट का प्रियंका गांधी से भी करीबी संबंध है। पार्टी के एक बड़े हिस्से का मानना है कि राहुल, प्रियंका और सचिन पायलट की तिकड़ी 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकती है।

किदवई का प्रियंका के बारे में हमेशा यही कहना रहा है कि वे अपने बड़े भाई की मदद के लिए कुछ भी करेंगी। उनका पूरा राजनीतिक एजेंडा राहुल को सफल बनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। दरअसल, वे हमेशा उन्हें ''मेरे नेता'' के रूप में संबोधित करती हैं, उनके नेतृत्व की सराहना करती हैं।

कांग्रेस का परिवारिक इतिहास इस तरह के ''जोड़े'' के साथ काम करने का रहा है। जब प्रियंका 2019 में राजनीति में शामिल हुईं, तो यह पहला अवसर नहीं था, जब नेहरू-गांधी परिवार के दो सदस्य एक साथ उच्च पदों पर थे।

1959 में, इंदिरा गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाला। यह पार्टी में कई लोगों के लिए एक आश्चर्य था। जब उनके पिता, जवाहरलाल नेहरू, प्रधानमंत्री थे। नेहरू के आलोचकों ने इसे उनके द्वारा इंदिरा को इस प्रतिष्ठित पद पर पहुंचाने की कोशिश के रूप में देखा। हालांकि, उस समय के कांग्रेसियों के एक बड़े हिस्से का मानना था कि इंदिरा ने इस पद को अपनी योग्यता से पाया था। और उनके पास इसे सही मानने का पर्याप्त कारण भी था।

एआईसीसी अध्यक्ष के रूप में इंदिरा ने केरल संकट को कुशलतापूर्वक संभाला, उन्होंने महाराष्ट्र और गुजरात के निर्माण की सिफारिश भी की थी, ताकि वहां भाषाई तनावों को कम किया जा सके। जब उनका कार्यकाल 1960 में समाप्त हुआ, तो कांग्रेस कार्यकारी समिति ने उन्हें पुनः अध्यक्ष बनने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने यह अनुरोध दृढ़ता से अस्वीकार कर दिया।

स्वतंत्रता के बाद, भारत की आज़ादी के 79 वर्षों के इतिहास में, गांधी परिवार ने 59 साल तक कांग्रेस का नेतृत्व किया है। कांग्रेस के विभिन्न गुटों के लोग उन्हें पार्टी का नेतृत्व करने के लिए स्वाभाविक रूप से सबसे उपयुक्त मानते हैं और इसके बदले उन्हें चुनावी सफलता और सत्ता की उम्मीद होती है।

जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा, राजीव और सोनिया तक, किसी भी गांधी परिवार के किसी भी सदस्य ने राजनीति से अचानक बाहर जाने का निर्णय नहीं लिया। राहुल, और अब प्रियंका, भी आज वही जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# इसरो ने बनाया नया रिकॉर्ड: सबसे भारी विदेशी उपग्रह लॉन्च किया

## श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से इसरो ने बाहुबलि रॉकेट से अमेरिकन कंपनी का सैटलाइट ''ब्लू बर्ड'' प्रक्षेपित किया

श्रीहरिकोटा, 24 दिसंबर। भारत के बाहुबली के नाम से विख्यात भारी प्रक्षेपण राकेट एलएमवी3 ने बुधवार को अमेरिका स्थित कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के उन्नत संचार उपग्रह ब्लूबर्ड-6 को, प्रक्षेपण के बाद, सफलतापूर्वक पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित कर भारत की वाणिज्यिक अंतरिक्ष क्षमताओं में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की।

इस प्रक्षेपण ने एक नया रिकॉर्ड बनाया, क्योंकि यह किसी भारतीय रॉकेट द्वारा ले जाया गया अब तक का सबसे वजनी उपग्रह था। इस मिशन का लक्ष्य ब्रॉडबैंड सिग्नल को सीधे अंतरिक्ष से आम स्मार्टफोन तक पहुंचाना है, जिससे विशेष उपकरण की ज़रूरत खत्म हो जाएगी।

लगभग 24 घंटे की सुचारू उल्टी गिनती के बाद, 43.5 मीटर लंबे, और 640 टन के एलएमवी3 रॉकेट ने सुबह लगभग 0855 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (एसडीएससी) श्रीहरिकोटा रेंज के दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सफल प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक ''गर्व करने वाली उपलब्धि'' बताया।

मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम।

सफल एलएमवी3 -एम6प्रक्षेपण , जिसने भारतीय धरती से प्रक्षेपित किये गये अब तक के सबसे भारी उपग्रह, अमेरिकी अंतरिक्ष यान, ब्लूबर्ड ब्लाक-2 को उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया, यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गर्व करने वाली उपलब्धि है।''

- **प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में इस उपलब्धि के लिए इसरो की सराहना की तथा इसे गर्व करने वाली उपलब्धि बताया।**

इसरो के चेयरमैन और अंतरिक्ष विभाग के सचिव, डॉ. वी. नारायणन ने मिशन कंट्रोल सेंटर से वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए घोषणा की कि अमेरिकी उपग्रह को सफलतापूर्वक और सटीक रूप से उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। उन्होने कहा ''यह एक बड़ी उपलब्धि है। सभी वाहन पैरामीटर सामान्य रूप से काम कर रहे थे।''



*इसरो ने बुधवार सुबह एलवीएम3-एम6 रॉकेट से 6,100 किलोग्राम वजनी अमेरिकी सैटलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च किया। भारत से लॉन्च किया गया अब तक का यह सबसे भारी सैटलाइट है।*

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908